


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 159

ग्वालियर, शनिवार, 26 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# नडडा ने कहा, 4 राज्यों में फिर से सरकार बनने जा रही भाजपा

■ चांदी की चम्मल लेकर पैदा हुई प्रियंका गांधी वाड्रा

■ अखिलेश आंतकियों को बचाने में जुटे रहे

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर सवाल उठाने वालों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि है कि ईडी एक स्वतंत्र संस्था है। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक के हिजाब विवाद, पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव, यूक्रेन विवाद, विपक्षी पार्टियों को लेकर भी चर्चा की। फिलहाल, हिजाब विवाद को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई जारी है। उच्च न्यायालय ने संकेत दिए हैं, कि मामले में जल्द ही फैसला सुनाया जा सकता है। वहीं,ईडी ने महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ कार्रवाई की है। नड्डा ने साफ कर दिया है, कि पार्टी धर्म के नाम पर उन्माद फैलाने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला कोर्ट में है, और इस पर इंतजार करना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इस दौरान एक कार्यकर्ता को खो दिया है, भावनाएं उमड़ती हैं। उन्होंने बताया कि अनर्गल बयानों पर हमने अपने



कार्यकर्ताओं को रोका है। बीते दिनों उडुपी स्थित कॉलेज में हिजाब पहनकर कॉलेज आई छात्राओं कक्षा में प्रवेश से रोका गया था, जिसके बाद यह विवाद खड़ा हुआ था। इस बात का विरोध कर रही कुछ छात्राओं ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। नड्डा ने कहा कि ईडी एक स्वतंत्र संस्था है, जिन्हें एजेंसी की कार्रवाई से परेशानी है, वह कोर्ट जाए। उन्होंने कहा कि मामले में कोर्ट ने रिमांड दी है। नडडा ने कहा कि जिन्हें दिक्कत है, वे कोर्ट क्यों नहीं जाते, अनिल देशमुख को कोर्ट से बाहर निकाल लें और नवाब को कोर्ट से बाहर निकाल लें। बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने मलिक को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया था। नड्डा ने दावा किया है कि भाजपा 4 राज्यों में चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि 4 राज्यों में प्रो इनकंबेंसी है। उन्होंने बताया कि जनता भाजपा की सरकार को समर्थन देना चाहती है। पंजाब, उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड इस बार चुनावी दौर से गुजर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार, 10 मार्च को मतगणना होगी। नडडा ने यूपी में 300 से ज्यादा सीटों के साथ जीत की बात कही है। जनधन, सौभाग्य और उज्जवला योजना सभी को ताकत दे रही हैं। वहीं, पंजाब में उन्होंने भाजपा के अच्छे प्रदर्शन की बात कहकर बताया कि राज्य में किसी को भी बहुमत नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा अकाली दल के साथ समझौता करने के इच्छुक नहीं है।

## सीएम शिवराज के काफिले में शामिल वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक ही मौत

**भोपाल।** मप्र के शहडोल जिले से दर्दनाक खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए हैं। दरअसल घटना चंदिया थाना क्षेत्र के देवरा मोड़ की है। शहडोल में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा वाहन पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में निवासी छिंदवाड़ा विनीत वंदेवाल ने मौके पर ही मृत्यु हो गई है। ड्राइवर गोविंद टेकाम और एक अन्य को उमरिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बता दें कि शहडोल में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री में शामिल होने वाले है। उसकी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। लेकिन उमरिया जिले के देवरा मोड़ के पास वाहन पेड़ से टकरा गया। मुख्यमंत्री शहडोल सीवरेज योजनान्तर्गत नगरपालिका क्षेत्र शहडोल में मल जल निस्तारण कार्य के लिए लगभग 172.62 करोड़ रुपए की लागत की सीवरेज परियोजना और साथ ही साथ मुख्यमंत्री शहरी नल जल योजना के अन्तर्गत नगर परिषद बुढ़ार में लगभग 15.30 करोड रूपये की लागत से बनने वाली नल जल योजना की आधारशिला रखने वाले हैं।




## गंगूबाई काठियावाड़ी कानून के दायरे के भीतर एक कलात्मक अभिव्यक्ति : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉलीवुड फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह फिल्म कानून के दायरे के भीतर एक कलात्मक अभिव्यक्ति है। संजय लीला भंसाली की भंसाली प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और आलिया अभिनीत फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे.के.माहेश्वरी की पीठ ने बाबूजी रावजी शाह की याचिका खारिज कर दी, जो गंगूबाई के दत्तक पुत्र होने का दावा करते हैं। यह फिल्म कथित तौर पर गंगूबाई के जीवन पर आधारित है। शाह ने बंबई हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसने फिल्म पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने याचिका खारिज की। शुक्रवार को अपलोड किए विस्तृत आदेश में कहा गया है कि ऐसी कोई सामग्री नहीं है, जो यह साबित कर सके कि याचिकाकर्ता परिवार का सदस्य या गंगूबाई का करीबी रिश्तेदार है। आदेश में कहा गया है, याचिकाकर्ता का तर्क यह है कि गंगूबाई की जिस कहानी को चित्रित किया गया है वह असत्य, अस्पष्ट और भौतिक विवरणों से रहित है।



# युद्ध छिड़ने के बाद लोग घर छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे हैं

### स्लोवाकिया बॉर्डर पर लगी कारों की कतार, यूएन ने जताई चिंता

**कीव।** यूक्रेन की सेना तीन तरफ से रूस की सेना से लड़ाई लड़ रही है। कीव से पश्चिम की ओर जाने वाले राजमार्ग पर करीब 30 लाख लोग रहते हैं। युद्ध छिड़ने के बाद अब यहां के लोग घर छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए इस 5 लेन के हाइवे पर जाम लग गया है। लोग अपनी ही कार में फंस गए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि अनुमान है कि 100,000 यूक्रेनियन अपने घरों से भाग निकले हैं। रोमानिया, मोल्दोवा, पोलैंड और हंगरी सहित पड़ोसी देशों में शरण ले रहे हैं। यूएन ने यूक्रेन के हालात पर चिंता जताई है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांडी ने कहा कि लोगों ने सुरक्षा की तलाश में अपने घरों से भागना शुरू कर दिया है। पश्चिमी यूक्रेन में हंगरी के साथ लुजांका सीमा पार करने के लिए सैकड़ों कारें सीमा से 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तक कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार कर रही हैं। लोगों ने



कहा कि वे छह घंटे से अधिक समय से लाइन पार करने का इंतजार कर रहे हैं। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि दूसरे दिन की शुरुआत भी यूक्रेन में रूसी मिसाइलों की बारिश के साथ हुई। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अपील की है कि इंसानियत के लिए वह इस युद्ध को रोक दें। हम यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान को उस पैमाने पर देख रहे हैं जो यूरोप ने दशकों में नहीं देखा है। मैं स्पष्ट हूं कि इस तरह के एकतरफा तरीके संयुक्त राष्ट्र चार्टर को सीधे चुनौती देते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि सभी सदस्य देशों को अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को क्षेत्र की अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता या संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों को बचाए रखने के लिए किसी तरह की धमकी या बल प्रयोग से बचना चाहिए। एक देश द्वारा दूसरे देश पर बल का प्रयोग समझौतों का खंडन है, जिन्हें बनाए रखने के लिए हर देश प्रतिबद्ध है। रूस की सैन्य कार्रवाई गलत है। यह चार्टर के खिलाफ है, यह अप्रत्याशित है। मैं गुरुवार से राष्ट्रपति पुतिन से अपनी अपील दोहरा हूं। सैन्य अभियान बंद करो, सैनिकों को रूस वापस लाओ। हमें शांति चाहिए।

### फ्रांस का रूस को दो टूक जवाब, हमारे पास भी है परमाणु हथियार

**कीव)।** रूसी सैनिकों ने यूक्रेन में हमला कर दिया है। इसके बाद विश्व के कई बड़े देश रूस पर तरह-तरह प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच रूस और यूक्रेन के बीच जारी लड़ाई अब परमाणु धमकियों तक आ पहुंची है। इसके बाद फ्रांस ने भी दो टूक जवाब देकर कहा कि हमारे पास भी परमाणु हथियार हैं। बीते दिनों रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग का ऐलान कर दूसरे देशों को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि रूसी कार्रवाई में किसी प्रकार के हस्तक्षेप के प्रयास पर इसतरह के परिणाम होगा, जो उन्होंने कभी नहीं देखा गया होगा। विशेषज्ञ इस परमाणु हमले की धमकी के तौर पर देख रहे हैं। माना जा रहा है कि रूसी सेना युद्ध के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस पर फ्रांसिसी विदेश मंत्री जीन-यवेस ले ड्रियन ने इशारों-इशारों में रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्वारा परमाणु धमकी देने पर कहा कि उन्हें यह समझने की जरूरत है, कि नाटो भी एक परमाणु गठबंधन है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पुतिन को यह समझना चाहिए कि अटलांटिक गठबंधन एक परमाणु गठबंधन है। मैं इस बारे में बस इतना ही कहूंगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मिहैलो पोदोलियाक ने बताया कि रूसी सैनिकों के साथ भयंकर युद्ध के बाद यूक्रेन ने चेर्नोबिल परमाणु स्थल से नियंत्रण खो दिया है।

### पुतिन इज हिटलर, नारे लगाकर मॉस्को की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**मास्को।** विश्व में इनदिनों तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि दुनिया की दूसरी ताकत रूस ने यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ दी है। रूस ने यूक्रेन का राजधानी पर सिलसिलेवार तरीके से लगातार बमबारी करके युद्ध की घोषणा की। यूक्रेन में रूसी सैनिको ने कब्जा करना शुरू कर दिया है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि अब तक 800 रूसी सैनिकों को मार दिया गया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के फैसले को लेकर पूरी दुनिया में उनकी आलोचना हो रही है। दुनिया के साथ-साथ रूस को अपने ही देश के लोगों का विरोध भी सहना पड़ रहा है। पुतिन की तुलना हिटलर से की जा रही हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा के कुछ ही देर बाद, देश भर के रूसी नागरिक उनके कार्यों की निंदा करने के लिए सड़कों पर उतर आए। मास्को के केंद्र में 1,000 से अधिक लोग युद्ध नहीं चाहुए के नारे लगाते हुए इकट्ठा हुए। लोगों ने सड़कों पर पुतिन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने युद्ध खत्म करने की मांग की। प्रदर्शनकारी स्थानीय समयानुसार शाम करीब 7 बजे ऐतिहासिक गोस्टिनी ड्वोर शॉपिंग आर्केड के बाहर सेंट पीटर्सबर्ग सहित कई अन्य शहरों में भी सड़कों पर उतरे।

## खास खबर

### गिरफ्तारी के बाद एनसीपी नेता नवाब मलिक मुंबई के अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** एनसीपी नेता नवाब मलिक, जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था, मुंबई के जेजे अस्पताल में भर्ती किया गया है, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सूत्रों ने बताया कि राकांपा नेता को डॉक्टर की सलाह पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबियत कैसी है इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नवाब की बेटी सना खान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सूचित किया कि उनके पिता अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि मलिक पेट में दर्द से पीड़ित था। राकांपा नेता के कार्यालय ने भी ट्वीट किया है कि उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। 3 मार्च तक ईडी की हिरासत में रहे नवाब मलिक को शुक्रवार सुबह रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल ले जाया गया? हालांकि, डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें भर्ती करने की आवश्यकता होगी। महा अघाड़ी सरकार में एक मंत्री नवाब मलिक को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले और आतंकवाद के वित्तपोषण में सक्रिय भागीदारी में गिरफ्तार किया था।

### बाल-बाल बचे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, वाराणसी से जा रहे थे गाजीपुर

**वाराणसी।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की शुक्रवार को कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में मनोज सिन्हा बाल-बाल बच गए। वाराणसी के बाहरी इलाके में तब हुआ जब वहां अपनी कार से जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, उपराज्यपाल अपने गृहनगर गाजीपुर जा रहे थे, तभी उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। बताया जाता है, कि उनकी कार राजघाट पुल की ढलान पर अनियंत्रित होकर एक लोहे के खंभे से टकरा गई। इसमें कार का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार का टायर भी पंचर हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पास में ही पेट्रोलिंग कर रही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। इसके बाद में मनोज सिन्हा एक अन्य कार से अपने गृहनगर के लिए रवाना हो गए।

### जया ने अमिताभ बच्चन के नाम पर सपा के लिए मांगा वोट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में पांचवें फेज की वोटिंग से पहले सिराथू में पल्लवी पटेल के लिए प्रचार में उतरीं जया बच्चन ने अपने पति अमिताभ बच्चन के नाम पर भी समाजवादी पार्टी के नाम पर वोट मांगा। जया ने खुद को यूपी की बड़ी बहू बताते हुए कहा कि अपने भैया का भी लाज रख लीजिएगा। उन्होंने अमिताभ का नाम लिए बिना कहा, गंगा किनारे वाला जो छोरा है उसका लाज तो आपको रखना होगा। जय बच्चन ने परिवारवाद के आरोपों को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने अपना परिवार ही त्याग दिया, वह क्या जानते हैं परिवार क्या होता है? जया बच्चन ने कहा, इस प्रदेश की छोटी बहू डिंपल यादव, मैं खुद को इस प्रदेश की बड़ी बहू मानती हूं। जब अमिताभ जी यहां से चुनाव लड़ रहे थे तब मैंने कहा था कि मैं आपकी बहू हूं। पहली बार आई हूं। मुंह दिखाई में मेरे पति को वोट दीजिए। उसके बाद यहां ज्यादा आना नहीं हुआ। आज फिर पल्लवी जी के लिए आई हूं, यह कहती हूं कि बड़ी बहू की लाज रख लीजिए। अपने भैया का भी लाज रख लीजिए, गंगा किनारे जो छोरा है उसका लाज तो आपको रखना होगा। जया ने बीजेपी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि हम महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमेशा लड़े हैं। इन्होंने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। ये लोग झूठे और ढोंगी है। मुंबई की भाषा में इन्हें फेकूचंद कहते हैं। सिर्फ फेकते रहते हैं। काम कुछ नहीं करते हैं। जनता से गाने की मांग खारिज करते हुए जया बच्चन ने कहा कि मुझे गाना नहीं आता। यह तो यूपी के छोड़ों को ही आता है। मेरा जन्म एमपी में हुआ। मेरी शादी यूपी में हुई। यह मेरा ससुराल है। मेरी बेटी की शादी पंजाबी से हुई। मेरे बेटे की शादी दक्षिण भारतीय से हुई। मेरे परिवार में जाति-पाति देश प्रदेश कुछ नहीं है। गंगा किनारे वाला जो छोरा है वह गंगा का ही रहेगा। वह मुंबई के समुद्र का नहीं हो सकता है।

## राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस ने 70 वर्षों में अंबानी, अदानी के लिए कुछ नहीं हुआ...



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच शुक्रवार को राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के जगदीशपुर पहुंचे थे। अमेठी में राहुल गांधी ने किसानों के साथ-साथ रोजगार का मुद्दा उठाकर नरेंद्र मोदी के सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मोदी सरकार पर निशाना साधकर राहुल गांधी ने कहा कि पूरा यूपी जानता है कि भारतीय प्रधानमंत्री आकर वोट लेने के लिए कुछ भी बोल जाएंगे। पूरा देश जानता है कि नरेंद्र मोदी ने किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था और फिर तीन काले कानून लागू किए। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का लक्ष्य था, कि जो आज किसानों को मिलता हैं वह किसानों से छीनकर भारत के सबसे बड़े 4-5 अरबपतियों को दे दिया जाएं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जब भाजपा कहती है, कि हमारे 70 वर्षों में कुछ नहीं हुआ, तब उनका वास्तव में मतलब था कि इन 70 वर्षों में अंबानी, अदानी के लिए कुछ नहीं हुआ... याद रखें, भारत के सबसे बड़े अरबपति रोजगार नहीं देते। छोटे दुकानदार, व्यापारी और किसान देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के रोजगार क्षेत्र की रीढ़ को पीएम मोदी और उनके दोस्तों ने तोड़ा है। आने वाले समय में इस देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा, आप जितना चाहें, उन्हें पढ़ाएं। कोरोना के दौरान किसी ने मेरी नहीं सुनी, लेकिन आपने गंगा में शव दिखाई दिए। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि इन 5 सालों में कितनों को रोजगार मिला है? इन्होंने जो जानबूझकर 12 लाख सरकारी पदों को खाली रखा है, उन्हें हम सबसे पहले भरने वाले है। इसकी हमने पूरी लिस्ट बनाई हुई है। इसके अलावा हम 8 लाख नए रोजगार देने वाले है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें आवारा पशुओं की समस्या के बारे में नहीं पता, 5 साल से क्या कर रहे थे? उन्हें यूक्रेन में युद्ध की जानकारी है, उन्हें कोविड के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति की खांसी के बारे में पता था, लेकिन उन्हें किसानों की इस समस्या का पता नहीं था? लोगों से अपील करते हुए प्रियंका ने कहा कि आप (सार्वजनिक) अपनी परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार हैं। आप भटक जाते हैं और आंखें बंद करके वोट करते हैं।

## रक्षा बजट में लगभग 70 प्रतिशत सिर्फ घरेलू उद्योगों के लिए रखा गया : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों पर आयोजित वेबिनार को संबोधित कर प्रधानमंत्री ने साइबर जगत की चुनौतियों का भी उल्लेख कर कहा कि साइबर सुरक्षा अब सिर्फ डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्र की सुरक्षा का विषय बन चुकी है। पीएम ने कहा, बीते कुछ वर्षों से भारत अपने रक्षा क्षेत्र में जिस आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है, उसकी प्रतिबद्धता इस बार के बजट में भी दिखी। इस साल के बजट में देश के भीतर ही शोध, डिजाइन और तैयारी से लेकर निर्माण तक का एक जीवंत माहौल बनाने का खाका है। उन्होंने कहा, रक्षा बजट में लगभग 70 प्रतिशत सिर्फ घरेलू उद्योगों के लिए रखा गया है।''



पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने अभी तक 200 से अधिक रक्षा प्लेटफॉर्म और उपकरणों की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी की हैं। इसके बाद स्वदेशी खरीद के लिए 54 हजार करोड़ रुपये की संविदाओं पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक धनराशि की उपकरण खरीद प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाहर से हथियार मंगाते हैं, तब इसकी प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि सुरक्षाबलों तक पहुंचने तक उनमें से कई हथियार समय की मांग के अनुरूप नहीं रहते। उन्होंने कहा, इसका समाधान भी %आत्मनिर्भर भारत अभियान% और %मेक इन इंडिया% में ही है। उन्होंने कहा, मेक इन इंडिया को यह सरकार के प्रोत्साहन का परिणाम है, कि पिछले सात सालों में रक्षा निर्माण के लिए 350 से भी अधिक नए औद्योगिक लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। जबकि 2001 से 2014 तक, चौदह वर्षों में सिर्फ 200 लाइसेंस जारी हुए थे।'' प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा का जिक्र कर कहा, अपनी अदम्य आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) शक्ति को हम अपने रक्षा क्षेत्र में जितना ज्यादा इस्तेमाल करेगा, उतनी ही अधिक सुरक्षा के प्रति हम आश्वस्त होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हथियारों और उपकरणों के मामलों में जवानों के गौरव एवं उनकी भावना को ध्यान में रखने की जरूरत है और यह तभी संभव होगा।

## बजट खर्च की निगरानी के लिए समिति बनाएगा रक्षा मंत्रालय: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली)।** भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय अपने बजट खर्च की निगरानी के लिए तीनों सेवाओं के प्रतिनिधियों की समिति बनाएगा ताकि इसका समय पर पूरा उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि बजट में आयात को कम करने और सशस्त्र बलों को स्वदेशी तकनीक से आधुनिक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को और बल दिया गया है। सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि रक्षा मंत्रालय ने वेबिनार के दौरान प्राप्त सभी मूल्यवान सुझावों को नोट कर लिया है और रक्षा क्षेत्र में आत्मानिर्भरता के उद्देश्य से बजट घोषणाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए एक कार्य योजना भी तैयार की है। 2022-23 के वार्षिक बजट में यह घोषणा की गई है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास को उद्योग, स्टार्टअप और शिक्षा के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, रक्षा उद्योग के नेतृत्व में होने वाले अनुसंधान और विकास प्रयासों के लिए मैं 'मेक-1' के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कम से कम पांच परियोजनाओं को मंजूरी दूंगा। मेक-1 श्रेणी के तहत परियोजनाओं में सरकार की ओर से 90 प्रतिशत वित्तपोषण किया जाता है। इस राशि को योजना की प्रगति और रक्षा मंत्रालय व विक्रेता के बीच बनी सहमति की शर्तों के आधार परचरणबद्ध तरीके से आवंटित किया जाता है। सिंह ने कहा, हम विशेष रूप से निजी उद्योग और स्टार्टअप के लिए निर्धारित बजट की निगरानी के उद्देश्य से तीनों सेवाओं के प्रतिनिधियों वाला एक निगरानी तंत्र तैयार करने वाले हैं, ताकि इसका पूरी तरह से उपयोग किया जा सके। गौरतलब है कि ''मेक'' श्रेणी रक्षा खरीद की प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान है।



## न्यूज़ ट्रैक....

### रोहित , शार्दुल और सूर्यकुमार को सम्मानित करेगा एमसीए

**मुम्बई** । मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने तीनों प्रारुपों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान बने रोहित शर्मा को सम्मानित करने का फैसला किया है। रोहित घरेलू क्रिकेट में मुम्बई से खेलते हैं। एमसीए के एक सदस्य ने कहा, 'शीर्ष परिषद बैठक में रोहित को सभी तीनों प्रारूपों का कप्तान बनने पर सम्मानित करने का फैसला किया गया। रोहित के अलावा अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को भी एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं इसके साथ ही एमसीए भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को भी सम्मानित करेगी। एसोसिएशन ने कहा कि आईपीएल 2022 से पहले सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पृथ्वी शॉ और सरफराज खान भी सम्मानित होंगे।

### हॉकी खिलाड़ियों के चयन ट्रायल दो मार्च से होंगे : साइ

**नई दिल्ली** । भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कहा है कि हॉकी खिलाड़ियों के लिए खुले चयन ट्रायल दो मार्च से साइ के विभिन्न राष्ट्रीय सेंटर आफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में शुरू होंगे। इस चयन ट्रायल का आयोजन देश में विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा जहां 14 से 24 साल की उम्र के लड़के और लड़कियां हिस्सा ले सकते हैं। साइ ने कहा कि ट्रायल का आयोजन तीन दिन किया जाएगा जिस दौरान चयनकर्ता विभिन्न परीक्षण के जरिए संभावित खिलाड़ियों की फिटनेस और कौशल को देखेंगे। शुरुआती ट्रायल का आयोजन दो मई को साइ के औरंगाबाद एनसीओई में होगा जिसके बाद अन्य केंद्रों पर भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। वहीं कोलकाता में महिलाओं के ट्रायल सात से नौ मार्च, मुंबई में 11 से 13 मार्च, पटियाला तीन से पांच मार्च, लखनऊ में तीन से पांच मार्च और इम्फाल में सात से 9 मार्च को होंगे। दूसरी ओर पुरुषों के ट्रायल सोनीपत में 15 से 17 मार्च, लखनऊ में सात से 9 मार्च, औरंगाबाद में दो से चार मार्च और इम्फाल में 10 से 12 मार्च को होंगे।

### मेरे संन्यास लेने के बाद टीम ओर बेहतर होगी : मिताली

**क्वींसटाउन** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में जीत के बाद कहा कि उनके संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम और भी बेहतर हो जाएगी क्योंकि उसे और प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिल जाएंगे। मिताली ने कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद वह खेल को अलविदा कह देंगी। ऐसे में टीम नई प्रतिभाओं के साथ आगे बढ़ेगी ओर पहले से बेहतर होकर उभरेगी।

प्लेऑफ मुकाबलों के स्थान अभी तय नहीं हुए

# 26 मार्च से शुरु होगा आइपीएल, सभी लीग मुकाबले मुम्बई में होंगे

**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र का मुकाबला 26 मार्च से खेला जाएगा। वहीं इसका खिताबी मुकाबला 29 मई को होगा। ब्रजेश पटेल की अध्यक्षता में हुई आइपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में इसके कार्यक्रम पर फैसला हुआ। वहीं बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने वर्चुअल तरीके से इसमें भाग लिया।



गवर्निंग काउंसिल की इस बैठक में तय हुआ कि सभी लीग मुकाबले मुंबई में ही खेले जाएंगे। वहीं प्लेऑफ मुकाबले के स्थान को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इस बार आईपीएल में आठ की जगह दस टीमें नजर आयेंगी। लखनऊ सुपर जॉयंट्स और गुजरात टाइटंस को पहली बार मौका मिला है। ऐसे में इस बार 60 की जगह 74 मुकाबले खेले जाएंगे। यानी 14 मैच अधिक होंगे. फाइनल मुकाबला 29 मई को खेला जाएगा।

वहीं बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के अनुसार आइपीएल के दौरान स्टेडियम में 25 से 50 फीसदी दर्शकों को आने की अनुमति दी जाएगी पर इस दौरान कोविड-19 के लिए सरकार के दिये दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। टूर्नामेंट खाली स्टेडियम में नहीं होगा।

इस दौरान खेले जाने वाले कुल 70 लीग मैचों में से से 55 मैच मुंबई में जबकि 15 मैच पुणे में खेले जाएंगे। ये सभी मुकाबले चार स्टेडियमों में खेले जाएंगे जिसमें 20 मैच वानखेड़े स्टेडियम, 15 मैचों का आयोजन ब्रेबान स्टेडियम, 20 मुकाबले डीवाई पाटिल स्टेडियम में जबकि 15 मैचों का आयोजन महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन मैदान, पुणे में होगा।

# भारतीय टीम की फील्डिंग से खुश नहीं है रोहित



**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में जीत से शुरुआत की है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 62 रनों से जीत दिलाई पर इसके बाद भी कप्तान रोहित शर्मा खुश नहीं हैं। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। युवा ईशान किशन ने 56 गेंद में 89 रनों की पारी खेली। इससे भारतीय टीम को आसान जीत मिली पर इसके बाद भी रोहित अपनी टीम की फील्डिंग को लेकर नाराज दिखे और उन्होंने मैच के बाद इसे लेकर नाराजगी भी जताई। श्रीलंका की पारी के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने फील्डिंग के दौरान कई आसान कैच छोड़े। इससे रोहित नाराज नजर आये। रोहित ने मैच के बाद टीम की फील्डिंग को लेकर कहा, 'यह अब लगातार हो रहा है। हम आसान कैच गिरा रहे हैं जबकि इस स्तर पर ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती है। हमारे फील्डिंग कोच को अभी और काम करना है। हमें अपनी फील्डिंग में सुधार लाना होगा और इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले हमें एक बेहतर फील्डिंग टीम बनना है और अब इस तरह की गलती नहीं होनी चाहिये।' वहीं, इस मैच में ईशान के प्रदर्शन से भी कप्तान रोहित उत्साहित नजर आये। रोहित ने कहा, 'मैं ईशान को लंबे समय से जानता हूं। हम दोनों एक ही फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस से खेलते हैं। मैं उसका माइंडसेट और क्षमता जानता हूं। ईशान के लिए लय हासिल करना जरूरी था, दूसरे छोर से उसे बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लगा।

# साहा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें , बीसीसीआई दे सकती है नोटिस



**मुम्बई** । टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ हुई बातचीत को सार्वजनिक करने के कारण साहा से नाराज बताया जा रहा है। इस मामले में बीसीसीआई साहा से जवाव मांग सकती है। इससे पहले साहा ने अपने एक बयान में कहा था कि , द्रविड़ और प्रबंधन ने उन्हें संन्यास लेने को कहा था। अब यही बयान साहा की परेशानी बढ़ा रहा है क्योंकि वो बीसीसीआई की केन्द्रीय अनुबंध सूची में शामिल हैं और उनका यह बयान प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जा रहा है। गौरतलब है कि साहा 3 करोड़ रुपये की वार्षिक रिटेनरशिप के साथ ग्रुप बी में हैं जिसके एक प्रावधान 6.3 का साहा ने उल्लंघन किया है। खिलाड़ियों के इस अनुबंध में 6.3 में कहा गया है, 'कोई भी खिलाड़ी खेल, अधिकारियों, खेल में हुई घटनाओं, तकनीक के इस्तेमाल, चयन नीति या खेल से संबंधित किसी भी अन्य मामले के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करेगा, जो बीसीसीआई की राय या खेल और टीम के हित में भी नहीं हो।' वहीं बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा, 'हां, इस बात की संभावना है कि बीसीसीआई साहा से पूछ सकती है कि एक केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर होने के नाते उन्होंने चयन के मामलों पर हुई बात को सार्वजनिक क्यों किया। साथ ही कहा कि उन्हें इस मामले में नोटिस दिया जाएगा या औपचारिक रुप से पूछताछ होगी। अभी ये तय नहीं हुआ है। इस मामले में बोर्ड ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। बीसीसीआई में कई लोगों का मानना है कि साहा को द्रविड़ के साथ अपनी बातचीत को सार्वजनिक करने से बचना चाहिए था क्योंकि इससे निश्चित रूप से उनकी छवि खराब हुई है।






# दीपिका कक्कड़ लेकर आ गई सीजन 2, सिमर का नया प्रोमो तेजी से हो रहा है वायरल



कलर्स टीवी की आने वाली सीरियल ससुराल सिमर का सीजन 2 काफी सुर्खियां बटोर रहा है. जल्द ही बिग बॉस 12 की विनर दीपिका कक्कड़ ससुराल सिमर का सीजन 2 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं. अपने इस शो का प्रोमो शेयर करते हुए दीपिका लिखती है, 'सिमर मेरा एक अहम हिस्सा है. इतने साल बीत चुके लेकिन अभी भी वो मेरे अंदर जिंदा है और फिर एक बार हम आपके दिलों में जगह बनाने के लिए आ रहे हैं. ये प्रोमो देख कर दीपिका के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. स्टार प्लस के टीवी सीरियल 'कहां हम कहां तुम' के ऑफ एयर होने के बाद से ही वो दीपिका कक्कड़ की वापसी का इंतजार कर रहे थे. दीपिका कक्कड़ ने इस बात का खुलासा किया है कि ससुराल सिमर 2 का में वापसी करने के लिए वो कितनी उत्साहित हैं. ये शो दीपिका के दिल के बहुत करीब है क्योंकि इस शो ने न सिर्फ इन्हे एक नई पहचान दी बल्कि इस सीरियल की वजह से दीपिका की मुलाकात उनके पति शोएब से हुई. दीपिका कहती हैं कि उनके ससुराल वाले आज भी उनको सिमर के नाम से बुलाते हैं. इस सीरियल की वापसी को लेकर दीपिका काफी खुश है. वो कहती है, 'इस बार सिमर एक नए अंदाज में वापसी करने वाली है.सीरियल ससुराल सिमर में इस बार और नए किरदार और कहानियां देखने को मिलेंगी.' वो आगे कहती है, 'मैंने सिमर के किरदार को 6 साल तक छोटे पर्दे पर जिया है. आज भी मैं सिमर को भुला नहीं पाई हूं. मेरे ससुराल के लोग आज भी मुझे सिमर कहकर बुलाते हैं. उन्होंने मेरा शो देखा है. वो सिमर के जरिए मेरे साथ जुड़ाव महसूस करते हैं. मैं कुछ समय के लिए टीवी से ब्रेक लेना चाहती थी लेकिन जब मुझे शो का ऑफर आया तो मैं मना नहीं कर सकी. आज मैं जो भी हूं ससुराल सिमर का की वजह से ही हूं.'ट्रोलिंग से नहीं पड़ता दीपिका को फर्कः कई बार ससुराल सिमर का, सीरियल में दिखाए जाने वाले मक्खी, नागिन, डायन ट्रैक को लेकर काफी ट्रोल हुआ है लेकिन दीपिका इस ट्रोलिंग की पर्वा नहीं करती, वो कहती हैं।

## अंजिनी धवन ने सोशल मीडिया पर लगाई आग

वरुण धवन की भतीजी ने सोशल मीडिया पर लगाई आग बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन ने बॉलीवुड में डेब्यू के इंतजार में है। हालांकि सोशल मीडिया पर अंजिनी किसी सेंसेशन से कम नही हैं। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन ने बॉलीवुड में डेब्यू के इंतजार में है। हालांकि सोशल मीडिया पर अंजिनी किसी सेंसेशन से कम नही हैं। अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरों से वो अक्सर ही तहलका मचाती रहती हैं। अंजिनी धवन देखने में काफी खूबसूरत हैं। इंस्टा पर उनके फैंस उनकी तस्वीरों के लिए बेताब दिखते हैं। अंजिनी धवन ने एक बार फिर से अपनी बोल्ड बिकिनी फोटो शेयर की हैं। उन्होंने ये तस्वीरें मालदीव से शेयर किया है।



## लोग अब मुझे 'सीरियल किसर' के नाम से नहीं पहचानेंगे : इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म 'मुंबई सागा' इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर चल रही है और इसके अलावा भी आने वाले समय में उनकी कई सारी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। 'टाइगर 3' में वह विलेन के किरदार में दिखने वाले हैं या नहीं, इस बारे में अभिनेता ने अभी तक कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन 'चेहरे' और 'एज्रा' के लिए उन्होंने हांमी भर दी हैं। इमरान का कहना है कि लगता है 'सीरियल किसर' के टैग से आखिरकार मुझे छुटकारा मिलने वाला है। इमरान ने बताया, मैंने कुछ समय से ऐसी फिल्में नहीं की है। लोग अब मुझे उस मायने में नहीं देखते हैं। वैसे मैंने कभी ये नहीं सोचा कि लोग मेरे बारे में क्या सोचेंगे। मैंने स्क्रिप्ट के हिसाब से काम किया है। वह आगे कहते हैं, लोग मेरे बारे में क्या सोचेंगे ये उन पर है।



# 'किन्नर बहू' बनकर रुबीना दिलैक की हुई शो में वापसी, प्रोमो देखकर फैंस हुए एक्साइटेड

बिग बॉस से बाहर आने के बाद रुबीना दिलैक इन दिनों हाल ही में रिलीज हुए अपने गाने मरजानया की सक्सेस एंजॉय कर रही हैं. ये गाना सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी किया. इसके बाद अब रुबीना अपने पॉपुलर शो शक्ति अस्तित्व के एहसास की के साथ वापस आने वाली हैं. शो का प्रोमो सामने आ गया है. कलर्स ने प्रोमो का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मिलने वाला है आपको एक प्यारा सा सप्राइज. क्या कर दी है इनके स्वागत की तैयारी शुरू? देखिए शक्ति सोमवार से शुक्रवार रात 8 बजे सिर्फ कलर्स पर. नए प्रोमो में रुबीना ने व्हाइट और रेड कलर की साड़ी पहनी हुई है और वह बाकी औरतों के साथ त्यौहार सेलिब्रेट करती नजर आ रही थीं. वीडियो के एंड में आखिर में वॉइसओवर आता है, 'मैं आ रही हूं. मिलेंगे न आप मुझसे.' पिछले 3 सालों से टीआरपी चार्ट पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कलर्स टीवी के सीरियल शक्ति की टीआरपी आजकल काफी कम हो गई हैं. शायद इस शो की डूबती नैया को अब विवियन डिसेना और रुबीना दिलैक की एंट्री ही पार लगा सकती हैं।



### 1 साल पहले छोड़ा था रुबीना-विवियन ने शो

रुबीना और विवियन ने लीप के बाद शो को अलविदा कह दिया था. शो को छोड़ने के पीछे की वजह को लेकर विवियन ने कहा था कि, लीप के बाद शो में विवियन को एक बड़े बच्चे का पिता के तौर पर नजर दिखना था, लेकिन वह इसके लिए सहज नहीं थे. ऐसे में मेकर्स ने हरमन की जगह किसी दूसरे एक्टर को लेने के बजाए उस कैरेक्टर को ही खत्म करने का फैसला लिया था. बाद में सौम्या का किरदार भी जल्द ही खत्म कर दिया गया था।

### नागिन भी बन सकती हैं रुबीना

एकता कपूर के पॉपुलर शो नागिन के छठे पार्ट में रुबीना बतौर नागिन नजर आ सकती हैं. ऐसी खबरें हैं कि एकता कपूर ने नागिन 6 की लीड एक्ट्रेस के लिए रुबीना दिलैक को अप्रोच किया है. हालांकि अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

# टाइट बेल्ट पहनते हैं तो आज ही सुधार ले अपनी ये आदत, जाने क्यों?

कुछ लोग जरूरत से ज्यादा टाइट बेल्ट पहनते हैं। टाइट बेल्ट पहने की आदत लंबे समय में आपके लिए भारी पड़ सकती है। पुरुषों और महिलाओं दोनों को टाइट बेल्ट पहनने के कारण कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल पेट के निचले हिस्से में जहां हम बेल्ट लगाते हैं, वहां शरीर के कई महत्वपूर्ण अंग होते हैं और कई महत्वपूर्ण नसें वहां से गुजरती हैं। ऐसे में लंबे समय तक टाइट बेल्ट पहनने के कारण आपको ढेर सारी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं.....

### हार्ट बर्न की समस्या

दिनभर टाइट बेल्ट पहनने के कारण आपको एसिड रिफलक्स या हार्ट बर्न का बहुत ज्यादा खतरा होता है। दरअसल टाइट बेल्ट आपके पेट पर दबाव बनाती है, जिससे खाना पचाने के लिए बनने वाला एसिड अपनी सीमा को पार कर फेफड़ों और गले में पहुंच जाता है। यही कारण है कि टाइट बेल्ट पहनने वाले लोगों में अक्सर सीने में जलन, बदहजमी, कब्ज और अपच की समस्या होती है।

### प्रजनन क्षमता में कमी

लंबे समय तक टाइट बेल्ट पहनने के कारण पुरुषों और महिलाओं दोनों की प्रजनन क्षमता में कमी आ सकती है, जिससे इन्फर्टिलिटी का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल टाइट बेल्ट पहनने के कारण पेल्विक एरिया पर दबाव बनता है, जहां प्रजनन से जुड़े महत्वपूर्ण अंग होते हैं। इसके अलावा टाइट बेल्ट के कारण प्राइवेट अंगों तक हवा ठीक से नहीं पहुंच पाती और बॉडी टम्प्रेचर (शारीरिक गर्मी) बढ़ जाती है, जिससे स्पर्म काउंट (शुक्राणुओं की संख्या) कम होता है।



### हर्निया की समस्या

टाइट बेल्ट पहनना आपको हर्निया जैसी गंभीर बीमारी का भी शिकार बना सकता है। हायटल हर्निया की स्थिति में पेट का ऊपरी हिस्सा अपने डायाफ्राम के कमजोर होने की वजह से डायाफ्राम से बाहर निकल आता है, जिसके चलते ये अपने अंदर बनने वाले एसिड को रोक नहीं पाता। ये एसिड पेट की नली में पहुंच कर जलन पैदा करते हैं, जिस से हमारे सीने में जलन और तेज दर्द महसूस होता है।

### रीढ़ की हड्डी और घुटनों की समस्या

कमर पर टाइट बेल्ट बांधने से जब पुरुष खड़े होते हैं तो उनके एब्डोमिनल मांसपेशियों के इस्तेमाल करने का तरीका बदल जाता है। ऐसा उन मांसपेशियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव के कारण होता है। यह अतिरिक्त दबाव रीढ़ की हड्डी में अकड़न ला सकता है। इसके साथ ही ज्यादा टाइट बेल्ट बांधने से सेंटर ऑफ ग्रेविटी और श्रोणिक क्षेत्र (पेल्विक एरिया) के कोणों में भी बदलाव आता है। इसके साथ ही यह घुटनों के जोड़ों पर भी अतिरिक्त दबाव डालता है।

### कमर दर्द और पैरों में सूजन

अगर आप टाइट बेल्ट बांधते हैं तो आपको कमर में दर्द की समस्या हो सकती है। इसका कारण यह है कि आपके कमर के आसपास से साइटिक नर्व और कई दूसरी महत्वपूर्ण नसें गुजरती हैं।

# मेरी मां मेरे शो का एक भी एपिसोड मिस नहीं करती : अंजली तत्रारी



*अभिनेत्री अंजलि तत्रारी इस समय धारावाहिक सरगम की साढ़े साती में दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि उनकी मां उनके शो की सबसे बड़ी प्रशंसक हैं और उनकी सबसे बड़ी आलोचक भी हैं। उन्होंने कहा, मेरी मां मेरी सबसे बड़ी आलोचक है। वह यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी एपिसोड उनसे छूट न जाए। और उनमें से हर एक के बाद, वह मुझे बताती है कि मैं और कितना बेहतर कर सकती थी। मुझे अपने प्रदर्शन के बारे में चर्चा करना बहुत पसंद है। यह मजेदार है, क्योंकि उनकी प्रतिक्रिया बहुत वास्तविक होती है। वह कहती हैं कि उनका वर्तमान शो परिवार के बारे में भी है और यह भी बात करता है कि परिवार के सदस्यों को हमेशा रक्त से बाध्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा परिवार मेरे उतार-चढ़ाव के दौरान हमेशा मेरे साथ रहता है और मुझसे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं हमेशा इस बात की आभारी हूं कि मेरा परिवार एक ऐसा परिवार है जो इतना सहायक और उत्साहवर्धक है। मैं अपने परिवार में सभी को सुरक्षित और स्वस्थ रखना सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास पर जाने के लिए तैयार हूं।*

# अगर आपका बच्चा भी खाता हैं पैकेट बंद चिप्स तो हो सकती हैं ये बीमारियां



चिप्स बच्चों की सबसे ज्यादा पसंदीदा चीज होती है। घर से बाहर निकलते ही बच्चे सबसे पहले पैकेट बंद चिप्स की मांग करते हैं। कई बार अभिभावक भी बच्चों के लिए घर में चिप्स के पैकेट ले जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये चिप्स आपके बच्चे के स्वास्थ्य पर हानिकारक असर डालती हैं। पैकेट बंद चिप्स से न सिर्फ आपका बच्चा, मोटापे का शिकार हो सकता है बल्कि उसे कई और बीमारियां भी घेर सकती हैं। इसमें डाइबीटीज से लेकर कैंसर तक की बीमारी शामिल है। शोधों में यहां तक कहा गया है कि पैकेट बंद चिप्स से हृदय से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी रहता है। आइए जानते हैं कैसे पैकेट बंद चिप्स आपके बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं..

- चिप्स में फैट और कैलोरीज की मात्रा काफी ज्यादा होती है।
- इससे वजन बढ़ने और मोटापा की समस्या हो सकती है।
- 28 ग्राम आलू चिप्स एवं 15 से 20 चिप्स में 10 ग्राम फैट और 154 ग्राम कैलोरीज होती है।
- 2015 में हुए एक शोध में बताया गया था कि तले हुए आलू चिप्स मोटापे की प्रमुख वजह है।
- पैकेट बंद चिप्स से डाइबीटीज और हृदय से जुड़ी बीमारियां का खतरा रहता है।
- शोधों में यहां तक सामने आया है कि ज्यादा चिप्स खाने से कैंसर तक की बीमारी हो सकती है।
- अगर आपका बच्चा लगातार चिप्स खाता है तो उसमें पौषण की कमी हो सकती है।
- चिप्स में विटामिन और मिनरल बेहद कम मात्रा में होते हैं और शरीर को भरपूर पौषण नहीं मिलता है।
- चिप्स में सोडियम की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
- सोडियम की ज्यादा मात्रा शरीर में जाने से कई बीमारियां हो सकती हैं।
- इनमें उच्च रक्त चाप से लेकर स्ट्रोक और हार्ट एवं किडनी की बीमारी शामिल हैं।
- 28 ग्राम आलू चिप्स में 120 मिलीग्राम से लेकर 180 मिलीग्राम सोडियम होता है।
- अमेरिका में 2010 में डाइट गाइडलाइन जारी हुई थी।
- इसमें बताया गया था कि दिनभर में कितनी तादाद में नमक लेना चाहिए।
- इस गाइडलाइन के मुताबिक, दिनभर में 2,300 मिलीग्राम से ज्यादा नमक बिल्कुल नहीं लेना चाहिए।

## शाबाश मिट्ठू से सामने आई तापसी पन्नू की झलक

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री तापसी पन्नू आने वाले दिनों में कई फिल्म में नजर आने वाले हैं। जिसमें तापसी पन्नू की फिल्म शाबाश मिट्ठू शामिल है। ये एक बायोपिक फिल्म है। जिसकी कहानी मशहूर महिला क्रिकेटर मिताली राज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में अभिनेत्री तापसी पन्नू मिताली राज का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। तापसी पन्नू ने अपनी फिल्म शाबाश मिट्ठू में मिताली राज के किरदार के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अभिनेत्री एक क्रिकेट प्लेयर का किरदार निभाने के लिए क्रिकेट ग्राउंड पर अपनी कमर कस ली है और वो बाकायदा ट्रेनिंग ले रही हैं। हाल ही में इसका सबूत उनकी ताजा तस्वीर में मिला है। अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वह क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। आप खुद इस तस्वीर में देख सकते तापसी पन्नू अपने हाथ में लिए बैट लिए हुए तैयार खड़ी हैं। सोशल मीडिया पर तापसी



## देश में बढती आत्महत्याएं ,दोषी कौन- ?

देश में बढती आत्महत्याएं एक गंभीर चिन्ता का विषय बनता जा रहा है। आज युवा में बढती कुंठा,असहनशीलता ,और असफलता आत्महत्याओं का कारण बन रहे है।आत्महत्याओं के 2018 से लेकर 2020तक के आंकड़ों से चिंता होती जा रही है।तीन सालों में 10 हजार बेरोजगारों ने आत्महत्या कर ली। आंकड़ों के अनुसार कर्ज व दिवालिएपन के कारण 2018 में 4970,और 2019 में 5908 तथा 2020 में 5213 लोगों ने मौत को गले लगाया। बेरोजगारी के कारण 2018 में 2741और 2019 में 2851 तथा 2020 में 3548 लोगों ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली। भौतिकवादी सोच ने समाज में कई तरह के पतन पैदा किए है। पैसे की भूख व अतिवादी सोच ने उपहार में लोगों को एकाकी जीवन व तनाव दिया है। आज मानव जीवन में तनाव इतना अधिक बढ गया है।कि बच्चे से लेकर बूढा,शिक्षित से लेकर अशिक्षित ,छात्र से लेकर उच्च अधिकारी,किसान,गरीब से लेकर अमीर सभी तनाव से ग्रस्त है।मानसिक तनाव के कारण देश में सामूहिक आत्महत्याओं की प्रवृति बेतहाशा बढती जा रही है।ऐसा क्यों है।यह एक अनसूलझी पहेली बनती जा रही है।दरअसल मानव की अपेक्षाएं इतनी बलबती हो गई है कि मानव रातों -रात अमीर बनने की चाहत में अवैध व अनैतिक कार्यों को अंजाम देकर अपनी इच्छाओं की पूर्ति कर रहा है। लेकिन इतिहास साक्षी है कि दुनिया में जितने भी सफल लोग है संघर्षो के बाद ही उच्चें मुकाम पर पहुचें है। आज मानव असफल होने पर आत्महत्या कर रहा है। कहते है मानव जीवन बहुत ही संघर्षों के बाद मिलता है मगर देश में जिस प्रकार युवा से लेकर बुजुर्ग तक अपनी जीवन लीलाएं समाप्त कर रहें हैं बहुत ही दुखद है। आत्महत्या करने का एक कारण हो सकता है लेकिन जीने के हजार कारण है। काली से काली रात के बाद भी दिन का उजाला होना निश्चित है। फिर जीवन से खिलवाड क्यों कर रहे हो। मानव जीवन एक बार मिलता है बार बार नहीं ? इन्सान को इस पर गहन चिन्तन करना होगा। आज मानव हताशा व निराशा के भंवर से मुकाबला करने के बजाए मौत ही आखिरी विकल्प ढूंढ रहा है।जबकि दुनिया में कोई भी चीज असंम्भव नहीं है।हताशा के अन्धेरे में दीये बूझ रहे हैं।इन बूझते दीयों को बचाने के लिए समाज को एक रूपरेखा तैयार करनी होगी।ताकि इस भयानक प्रवृति पर विराम लग सके। समाज में टूटते परिवार,बेरोजगारी ,गरीबी ,व अशिक्षा, तनाव के मुख्य कारण हैं। आज के युवा कैरियर को लेकर भी परेशान है। मनमाफिक रोजगार न मिलने के कारण तनावग्रस्त रहते है। प्रेम में असफलता ,परीक्षा मे फेल होने, कर्ज न चुकाने ,के कारण भी मौत को गले लगा रहा है।युवा वर्ग में यह प्रवृति बडे पैमाने पर बढती जा रही है।यदि इस पर संज्ञान न लिया तो भविष्य में मुशिकलें पैदा होंगी।भारत एक ऐसा देश है जहां सबसे अधिक आत्महत्याएं होती है।प्रतिदिन आत्महत्याओं की खबरें सुर्खियां बनती है।इंसान खुद तो मर जाता है लेकिन पीछे तडफने के लिए पूरा परिवार छोड देता है।दहेज के कारण भी आत्महत्याएं बढ रही है। देश के अन्नदाता कहलाने वाले किसान का आत्महत्या करने का कारण कभी सरकारी नीतियां बनती है।तो कभी मौसम की बेरूखी।पिछ्ले पन्द्रह सालों में एक लाख से भी अधिक किसान आत्महत्या कर चुके है। आज तक किसी किसान ने अकाल ,बाढ, भूखमरी के कारण आत्महत्या तक नहीं की लेकिन सरकारी नीतियां ही इसका कारण बन रही हैं। लोगों ने अपनी जीवन लीलाएं खत्म की है। आत्महत्याओं के औसतन तीन सौ मामले प्रतिदिन सामने आते है। भारत के परिपेक्ष्य मे आत्महत्या के तरीकों में फांसी लगाना ,आग लगाना,तथा जहरीला पदार्थ निगलना,मुख्य है।

# विनायक दामोदर सावरकर पुण्य तिथि

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

विनायक दामोदर सावरकर (जन्म- 28 मई 1883 - मृत्यु- 26 फरवरी 1966) भारत के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाजसुधारक, इतिहासकार, राष्ट्रवादी नेता तथा विचारक थे। उन्हें प्रायः स्वातन्त्र्यवीर , वीर सावरकर के नाम से सम्बोधित किया जाता है]। हिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा (%हिन्दुत्व%) को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। वे एक वकील, राजनीतिज्ञ, कवि, लेखक और नाटककार भी थे। उन्होंने परिवर्तित हिन्दुओं के हिन्दू धर्म को वापस लौटाने हेतु सतत प्रयास किये एवं इसके लिए आन्दोलन चलाये। उन्होंने भारत की एक सामूहिक ÷हिन्दू÷ पहचान बनाने के लिए हिंदुत्व का शब्द गढ़ा। उनके राजनीतिक दर्शन में उपयोगितावाद, तर्कवाद, प्रत्यक्षवाद , मानवतावाद, सार्वभौमिकता, व्यावहारिकता और यथार्थवाद के तत्व थे। सावरकर एक कट्टर तर्कबुद्धिवादी व्यक्ति थे जो सभी धर्मों के रूढ़िवादी विश्वासों का विरोध करते थे।1904 में उन्ह?ने अभिनव भारत नामक एक क्रान्तिकारी संगठन की स्थापना की। 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद उन्होने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। फर्ग्युसन कॉलेज, पुणे में भी वे राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देते थे। बाल गंगाधर तिलक के अनुमोदन पर 1906 में उन्हें श्यामजी कृष्ण वर्मा छात्रवृत्ति मिली।

सावरकर ने लन्दन के ग्रेज इन्न लॉ कॉलेज में प्रवेश लेने के बाद इण्डिया हाउस में रहना आरम्भ कर दिया था। इण्डिया हाउस उस समय राजनितिक गतिविधियों का केन्द्र था जिसे श्याम प्रसाद मुखर्जी चला रहे थे। सावरकर ने %फ़्री इण्डिया सोसायटी% का निर्माण किया जिससे वो अपने साथी भारतीय छात्रों को स्वतन्त्रता के लिए लड़ने को प्रेरित करते थे।

**लन्दन और मार्सिले में गिरफ्तारी**

लन्दन में रहते हुये उनकी मुलाकात लाला हरदयाल से हुई जो उन दिनों इण्डिया हाउस की देखरेख करते थे। 1 जुलाई 1909 को मदनलाल ढींगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिये जाने के बाद उन्होंने लन्दन टाइम्स में एक लेख भी लिखा था। 13 मई 1910 को पैरिस से लन्दन पहुँचने पर उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया परन्तु 8 जुलाई 1910 को एम?एस? मोरिया नामक जहाज से भारत ले जाते हुए सीवर होल के रास्ते ये भाग निकले। 24 दिसम्बर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गयी। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। इस प्रकार सावरकर को ब्रिटिश सरकार ने क्रान्ति कार्यों के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी, जो विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा थी। सावरकर के अनुसार - मातृभूमि ! तेरे चरणों में पहले ही मैं अपना मन अर्पित कर चुका हूँ। देश-सेवा ही ईश्वर-सेवा है, यह मानकर मैंने तेरी सेवा के माध्यम से भगवान की सेवा की।नासिक जिले के कलेक्टर जैकसन की हत्या के लिए नासिक षडयंत्र काण्ड के अन्तर्गत इन्हें 7 अप्रैल, 1911 को काला पानी की सजा पर सेलुलर जेल भेजा गया। उनके अनुसार यहां स्वतंत्रता सेनानियों को कड़ा परिश्रम करना पड़ता था। सावरकर 4 जुलाई, 1911 से 21 मई, 1921 तक पोर्ट ब्लेयर की जेल में रहे।

**दया याचिका**

1920 में वल्लभ भाई पटेल और बाल गंगाधर तिलक के कहने पर ब्रिटिश कानून ना तोड़ने और विद्रोह ना करने की शर्त पर उनकी रिहाई हो गई। 1921 में मुक्त होने पर वे स्वदेश लौटे और फिर 3 साल जेल भोगी। जेल में उन्होंने हिन्दुत्व पर शोध ग्रन्थ लिखा।1937 में वे अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के कर्णावती (अहमदाबाद) में हुए 19वें सत्र के अध्यक्ष चुने गये, जिसके बाद वे पुनः सात वर्षों के लिये अध्यक्ष चुने गये। 15 अप्रैल 1938 को उन्हें मराठी साहित्य सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया।सावरकर 20वीं शताब्दी के सबसे बड़े हिन्दूवादी रहे। विनायक दामोदर सावरकर को बचपन से ही हिन्दू शब्द से बेहद लगाव था।



सावरकर को 6 बार अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। 1937 में उन्हें हिन्दू महासभा का अध्यक्ष चुना गया, जिसके बाद 1938 में हिन्दू महासभा को राजनीतिक दल घोषित कर दिया गया। हिन्दू राष्ट्र की राजनीतिक विचारधारा को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। उनकी इस विचारधारा के कारण आजादी के बाद की सरकारों ने उन्हें वह महत्त्व नहीं दिया जिसके वे वास्तविक हकदार थे।15 अगस्त 1947 को उन्होंने सावरकर सदान्तो में भारतीय तिरंगा एवं भगवा, दो-दो ध्वजारोहण किये।। 5 फरवरी 1948 को महात्मा गांधी की हत्या के उपरान्त उन्हें प्रिवेन्टिव डिटेन्शन एक्ट धारा के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया गया।8 अक्टूबर 1949 को उन्हें पुणे विश्वविद्यालय ने डी0लिट0 की मानद उपाधि से अलंकृत किया। 8 नवम्बर 1963 को इनकी पत्नी यमुनाबाई चल बसीं। सितम्बर, 1965 से उन्हें तेज ज्वर ने आ घेरा, जिसके बाद इनका स्वास्थ्य गिरने लगा। 1 फ़रवरी 1966 को उन्होंने मृत्युपर्यन्त उपवास करने का निर्णय लिया। 26 फरवरी 1966 को बम्बई में भारतीय समयानुसार प्रातः 10 बजे उन्होंने पार्थिव शरीर छोड़कर परमधाम को प्रस्थान किया[ गांधीजी के हत्या में सावरकर के सहयोगी होने का आरोप लगा जो सिद्ध नहीं हो सका। एक सच्चाई यह भी है कि महात्मा गांधी और सावरकर-बन्धुओं का परिचय बहुत पुराना था। सावरकर-बन्धुओं के व्यक्तित्व के कई पहलुओं से प्रभावित होने वालों और उन्हें 'वीर' कहने और मानने वालों में गांधी भी थे।सावरकर गाय को पूजनीय नहीं मानते थे, कहते थे सिर्फ एक उपयोगी पशु है। सावरकर एक बुद्धिवादी व्यक्ति थे, परंतु कई प्रमाणोम से लगता है कि वे ईश्वर में विश्वास रखते थे। इनके जन्म की 125वीं वर्षगांठ पर इनके ऊपर एक अलाभ जालस्थल आरंभ किया गया है। सावरकर एक महान समाज सुधारक भी थे। उनका दृढ़ विश्वास था, कि सामाजिक एवं सार्वजनिक सुधार बराबरी का महत्त्व रखते हैं व एक दूसरे के पूरक हैं। उनके समय में समाज बहुत सी कुरीतियों और बेड़ियों के बंधनों में जकड़ा हुआ था। इस कारण हिन्दू समाज बहुत ही दुर्बल हो गया था।सावरकरजी हिन्दू समाज में प्रचलित जाति-भेद एवं छुआछूत के घोर विरोधी थे। बम्बई का पतितपावन मंदिर इसका जीवन्त उदाहरण है, जो हिन्दू धर्म की प्रत्येक जाति के लोगों के लिए समान रूप से खुला है।। पिछले सौ वर्षों में इन बन्धनों से किसी हद तक मुक्ति सावरकर के ही अथक प्रयासों का परिणाम है।हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए सावरकर सन् 1906 से ही प्रयत्नशील थे। 'हिन्दी को राष्ट्रभाषा व देवनागरी को राष्ट्रलिपि घोषित करना%।अंडमान की सेल्यूलर जेल में रहते हुए उन्होंने बन्दियों को शिक्षित करने का काम तो किया ही, साथ ही साथ वहां हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु काफी प्रयास किया।

**सावरकर के प्रमुख कार्य, एक दृष्टि में**

सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लन्दन में उसके विरुद्ध क्रांतिकारी आन्दोलन संगठित किया।वे भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सन् 1905 के बंग-भंग के बाद सन् 1906 में %स्वदेशी% का नारा दिया और विदेशी कपड़ों की होली जलाई। वे भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्हें अपने विचारों के कारण बैरिस्टर की डिग्री खोनी पड़ी।

## सोच समझकर हो प्रशंसा

अक्सर जब तुम प्रशंसा करते हो तो किसी और की तुलना में करते हो। किसी एक की प्रशंसा करने में हम किसी दूसरे को नीचा दिखाते हैं और किसी की गलती को दर्शाने के लिए हम दूसरे की प्रशंसा करते हैं। कुछ लोग प्रशंसा करने में कंजूस होते हैं और कुछ शर्मीले। कुछ लोगों को प्रशंसा करनी नहीं आती और प्रशंसा करना भूल जाते हैं। कुछ व्यक्ति मतलब के लिए प्रशंसा करते हैं और कुछ तुम्हें उठाने के लिए। कुछ और लोग अपने आत्मविश्वास की कमी को छुपाने के लिए स्वयं की प्रशंसा करते हैं। किन्तु वास्तविक प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से निकलती है। जो प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से आती है, वह स्वरूप से आती है और बिल्कुल भिन्न होती है। साधारणतः प्रशंसा लालसा और दम्भ से आती है। उन्नत चेतना की अवस्था से आई प्रशंसा पूर्णता से उभरती है। निन्संदेह प्रशंसा चेतना को उभारती है और उत्साह व ऊर्जा लाती है। परंतु साथ ही यह घमंड भी ला सकती है। प्रशंसा करना भी एक कौशल है। जब कोई तुम्हारी प्रशंसा करता है, तो क्या तुम बिना शर्माए उसे स्वीकार करते हो? बिना शर्माए प्रशंसा को स्वीकार करना भी एक कुशलता है। तुम किसी की प्रशंसा कब करते हो? जब वे कुछ अनोखा करते हैं, असाधारण, जो उनके स्वभाव के अनुसार नहीं है। जब एक दुष्ट व्यक्ति कोई समस्या पैदा नहीं करता, तब तुम उसकी तारीफ करते हो। या कोई व्यक्ति जिसे भला नहीं समझते, जब कुछ नेक काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो। जब कोई भला आदमी अत्यन्त असाधारण काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो। यदि कोई बच्चा एक प्याली चाय बनाता है तो तुम प्रशंसा करते हो, परंतु वही एक प्याली चाय यदि मां बनाए तो तुम शायद तारीफ न करो।

## पुतिन की मंशा

**सिद्वार्थ शंकर**

लंबे तनाव के बाद रूस ने गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे यूक्रेन पर हमला बोल दिया। मिसाइल हमले में यूक्रेन के कई नागरिकों की मौत हो गई है। रूस की फौज यूक्रेन के कई इलाकों में पहुंच चुकी है। कई पैराट्रूपर्स यूक्रेन के मिलिट्री इंस्टॉलेशन्स पर उतारे गए हैं। उधर, यूक्रेन का दावा है कि उसने 6 रूसी फाइटर जेट्स को मार गिराया है। बताया जाता है कि यूक्रेन के कई गांव पर रूसी सेना का कब्जा हो गया है। यहां सिलसिलेवार धमाके हो रहे हैं। इस बीच, बेलारूस बॉर्डर से भी रूस ने हमला बोल दिया। रूस अब तीन तरफ से यूक्रेन पर हमले कर रहा है। वहीं रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन की सेना ने सरेंडर करना शुरू कर दिया है। इन सबके बीच सवाल यह है कि पुतिन क्या वाकई रूस को सोवियत संघ जैसी महाशक्ति बनाना चाहते हैं या मॉस्को की सत्ता पर अपना 23 साल पुराना कब्जा पुख्ता करना चाहते हैं। क्या वाकई एक सुरक्षित रूस के लिए यूक्रेन को नाटो से दूर रखना ही उनका मकसद है? 1991 में सोवियत संघ के बिखरने के बाद बने यूक्रेन को शुरू से ही रूस अपने पाले में करने की कोशिशें करता आया है। हालांकि, यूक्रेन रूसी प्रभुत्व से खुद को बचाए रखने के लिए पश्चिमी देशों की ओर झुका रहा। दरअसल, यूक्रेन की रूस के साथ 2200 किमी से ज्यादा लंबी सीमा है। रूस का मानना है कि अगर यूक्रेन नाटो से जुड़ता है तो नाटो सेनाएं यूक्रेन के बहाने रूसी सीमा तक पहुंच जाएंगी। उधर, अमेरिका भी अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। सोवियत संघ के टूटने के बाद 15 से ज्यादा यूरोपीय देश नाटो में शामिल हो चुके हैं। अब वह यूक्रेन को भी नाटो में शामिल करना चाहता है। इसीलिए रूस चाहता है कि यूक्रेन ये गांरटी दे कि वह कभी भी नाटो से नहीं जुड़ेगा। रूस का राष्ट्रपति बनने के बाद से ही व्लादिमिर पुतिन कई बार ये कह चुके हैं कि सोवियत संघ का विघटन ऐतिहासिक भूल थी। पुतिन रूस के सोवियत संघ वाले दिन लौटाना चाहते हैं। 1991 में रूसी प्रभुत्व वाले सोवियत संघ के विघटन से 15 नए देश बने थे, जिनमें से एक यूक्रेन भी था। पुतिन रूस का विस्तार करके उसका पुराना प्रभुत्व कायम करना चाहते हैं। पुतिन की इस



महत्वाकांक्षी योजना के लिए यूक्रेन सबसे महत्वपूर्ण है। 2015 में अपने एक भाषण में पुतिन ने यूक्रेन को रूस का मुकुट कहा था। कुल मिलाकर पुतिन धीरे-धीरे रूस के विस्तार करने की अपनी रणनीति में आगे बढ़ते और कुछ हद तक कामयाब होते भी दिख रहे हैं। 1999 में रूस के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही व्लादिमिर पुतिन ने खुद को सत्ता में बनाए रखने के लिए हर संभव कोशिश की है। अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद हाल के वर्षों में पुतिन की लोकप्रियता में गिरावट आई है। अक्टूबर 2021 में आए लेवाडा सेंटर सर्वे के मुताबिक, पुतिन की लोकप्रियता पिछले एक दशक के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। यूक्रेन पर हमले से पहले भी पुतिन की लोकप्रियता में इजाफा हो चुका है, इसीलिए पुतिन फिर वैसा ही करके अपनी साख को फिर ऊंचा करना चाहते हैं। 16 साल रूसी खुफिया एजेंसी में काम करने के बाद पुतिन 1991 में राजनेता बने थे। 1999 में वह बोरिस येल्तसिन के पद छोडने के बाद बाद रूस के राष्ट्रपति बने। 2004 में वह दोबारा राष्ट्रपति चुने गए, लेकिन रूसी संविधान के अनुसार लगातार दो बार से ज्यादा राष्ट्रपति नहीं बनने के नियम के बाद वह 2008 से 2012 तक रूस के प्रधानमंत्री रहे। 2012 में पुतिन फिर से रूस के राष्ट्रपति बने और तब से पद पर कायम हैं। 2020 में रूसी संविधान में बदलाव से उनके 2036 तक रूस का राष्ट्रपति बने रहने का रास्ता साफ हो गया था। दुनिया के कच्चे तेल के उत्पादन में रूस की हिस्सेदारी 13 फीसदी है। दुनिया के तेल और गैस का करीब 30 फीसदी हिस्सा रूस से आता है। यूरोप की जरूरतों का 30 फीसदी कच्चा तेल और 40 फीसदी गैस रूस से आती है। यूक्रेन संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं, जो सितंबर 2014 के बाद से सबसे ज्यादा हैं। युद्ध की स्थिति में तेल की कीमतों के और बढने की आशंका है, ऐसा होने पर रूस की कमाई में इजाफा हो सकता है। 2021 के अंत में यूक्रेन संकट बढने पर रूस ने यूरोप को गैस सप्लाई में कटौती की थी, जिससे यूरोपीय देशों में बिजली की कीमत पांच गुना तक बढ़ गई थी। कई यूरोपीय सदस्य देश अपनी गैस की जरूरतों के लिए रूस पर बुरी तरह निर्भर हैं।

# हरीश रावत मुख्यमंत्री के रूप में पहली चाहत!

### सूडोकु नवताल- 5994

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5993 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**डा.श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

पहाड हो या मैदान ,शहर हो या गांव ,घर हो या चौपाल ,शायद ही ऐसी कोई जगह हो, जहां पूर्व मुख्यमन्त्री हरीश रावत का कोई न कोई कार्यकर्ता मौजूद न हो। प्रत्येक कार्यकर्ता के दुःख -सुख के साथी कहे जाने वाले हरीश रावत की एक बडी विशेषता यह भी है कि उन्हे अपने हर कार्यकर्ता का नाम याद रहता है। किसकार्यकर्ता से उन्हें क्या काम लेना है ,कैसे काम लेना है और उन्हें क्या सम्मान देना है ,यह भी हरीश रावत को बखूबी आता है। मुख्यमन्त्री पद पर रहते हुए भी और मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतरने के बाद भी वे अपने कार्यकर्ताओ वही मान सम्मान देते रहे है जो पहले से देते आए है। छोटे से छोटे कार्यकर्ता के महत्व और सम्मान को तरजीह देने में माहिर हरीश रावत को अपने कार्यकर्ताओं के बीच रहकर विशेष उर्जा मिलती है। तभी तो मुख्यमन्त्री आवास रहा हो या उनकी कोई जनसभा या फिर उनका अन्य कोई कार्यक्रम ,जब तक कार्यकर्ताओं से वे घिरे न हो तब तक उन्हे आनन्द की अनुभूति नही होती। अपने छोटे से छोटे घरेलु कार्यक्रमों में भी वे अपने आम और खास कार्यकर्ताओं को आमन्त्रित करना नही भूलते, वही यह भी कौशिश करते है कि वे सभी कार्यकर्ताओं के यहां भी उनके सुख दुःख के अवसरो पर हाजिरी दे। उनके इसी गुण के कारण उनके कार्यकर्ता उनके लिए उनके विरोधियों से भीभिड जाते है और हरीश रावत के पैरोकार बनकर चुनाव के समय उन्हे सफलता के सौपान तक पहुंचाते है। हालांकि हरीश रावत को कई बार चुनावी असफलताए भी झेलनी पडी परन्तु न तो



हरीश रावत का और न ही उनके कार्यकर्ताओं का कभी मनोबल कम हुआ है।आज भी ऐसे कई कार्यकर्ता है ,जिन्हे हरीश रावत सरकार बन जाने पर भी कुछ नही दे पाए,लेकिन न तो हरीश रावत यह बात भूलते है और न ही उनके वे कार्यकर्ता उनसे रूठते है। वे फिर भी कन्धे से कन्धा मिलाकर हरीश रावत के उत्तराखण्डियत मिशन में न सिर्फ भागीदार बन रहे है बल्कि आमजन के बीच जाकर हरीश रावत सरकार के समय की उपलब्धियों को भी बता रहे है। तभी तो पहाड के सरंक्षण, संवर्धन और विकास के लिए उत्तराखण्ड राज्य की जो विकास परिकल्पना की गई थी वह विकास परिकल्पना अब कांग्रेस सरकार आने पर साकार हो सकेगी। राज्य के समग्र विकास के साथ चार धाम यात्रा,अमरनाथ यात्रा और मानसरोवर यात्रा के माध्यम से पहाड पर रह रहे लोगो की रोजी रोटी के साधन बनाने में हमेशा जुटे रहे हरीश रावत ने पर्वतीय क्षेत्र को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए भी नई कार्ययोजना तैयार की थी। जिसके तहत भूस्खलन एवं भूकम्प से होने वाले नुकसान को बचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था।सन 2016 तक केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के हक का 33 सौ करोड रूपये न देने पर भी हरीश रावत ने अपनी सरकार के समय विकास का पहिया रुकने नही दिया था। राज्य को विकास व उपलब्ध्यियो के रास्ते पर ले चलने में कामयाब हो जाने पर भी हरीश रावत को पिछले चुनाव में जीत नही मिल सकी थी।जिसके पीछे आम जनता तक पहुंच बनाकर आम जनता को कांग्रेस व सरकार की उपलब्धिया न बताने से जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने में कांग्रेस विफल रही थी। उत्तराखण्ड की राजनीति में कांग्रेस के वर्चस्व को बनाये रखने और मिशन 2022 को फतेह करने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और पूर्व मुख्यमन्त्री हरीश रावत एक राय होकर चल रहे है। हरीश रावत पार्टी की मजबूती के लिए चुनाव पूर्व चलाये गए प्रदेश व्यापी सदस्यता अभियान को सफ़ल बनाने में कारगर सिद्ध हुए है। विपरीत वातावरण के बावजूद कांग्रेस को मजबूत करने की तैयारी हरीश रावत लंबे समय से जीजान से जुटे रहे है। पहाड व मैदान के विकास कार्यो में कोई ठहराव न आने पाए। जिस पहाड और मैदान की संस्कृति तथा उसके भोलेपन पर सारी दुनिया फिदा है ,उसके महत्व को हरीश रावत ने ही समझा है। पहाड की हरियाली ,उसकी खूबसूरती, उसकी जडी बूटी व पहाड़ी व मैदानी व्यंजनों जैसी विरासत को बचाने के लिए हरीश रावत हमेशा सक्रिय रहे है।

## अमेरिकी की गीदड़भभकियां

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यूक्रेन के मामले में अमेरिका और नाटो बुरी तरह से मात खा गए हैं। अमेरिका ने अपनी बेइज्जती यहां पहली बार नहीं कराई है। इसके पहले भी वह क्यूबा, वियतनाम और अफगानिस्तान में धूल चाट चुका है। रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली और सबसे संपन्न सैन्य गुट को चारों खाने चित करके रख दिया है। जो देश रूस से टूटकर नाटो में शामिल हो गए थे, अब उनके भी रोंगटे खड़े हो गए होंगे। उन्हें भी यह डर लग रहा होगा कि यूक्रेन के बाद अब कहीं उनकी बारी तो नहीं आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का यह बयान कितना बेशर्मीभरा है कि उनकी सेनाएं सिर्फ नाटो देशों की रक्षा करेंगी। वे अपनी सेनाएं यूक्रेन नहीं भेजेंगे। पूतिन ने पहले यूक्रेन के तीन टुकड़े कर दिए और फिर उन्होंने वहां अपनी 'शांति सेना' भिजवा दी। यदि नाटो राष्ट्र ईमानदार और दमदार होते तो वह तत्काल ही अपनी फौजें वहां भेजकर यूक्रेनी संप्रभुता की रक्षा करते लेकिन उनका बगलें झांकना सारी दुनिया को चकित कर गया। मुझे तो उसी वक्त लगा कि अमेरिका और नाटो अब तक जो धमकियां दे रहे थे, वे शुद्ध नपुंसकता के अलावा कुछ नहीं थीं। अमेरिका के गुप्तचर विभाग ने पहले से दावा किया था कि रूस तो यूक्रेन पर हमले की तैयारी कर चुका है। इसलिए बाइडन और उनके रक्षा मंत्री यह नहीं कह सकते कि यूक्रेन पर अब रूसी हमला अचानक हुआ है। इसका अर्थ क्या हुआ? क्या यह नहीं कि अमेरिका और नाटो गीदड़भभकियां देते रहे। इसका दूरगामी अभिप्राय यह भी है कि रूस को अब नई विश्व शक्ति बन जाने का अवसर अमेरिका ने प्रदान कर दिया है। यूक्रेन तो समझ रहा था कि अमेरिका उसका संरक्षक है लेकिन अमेरिका ने ही यूक्रेन को मरवाया है। यदि अमेरिका उसे पानी पर नहीं चढ़ाता तो उसके राष्ट्रपति वी. झेलेंस्की हर हालत में पूतिन के साथ कोई न कोई समझौता कर लेते और यह विनाशकारी नौबत आती ही नहीं। जर्मनी और फ्रांस के नेताओं ने मध्यस्थता की कोशिश जरुर की लेकिन वह कोशिश विफल ही होनी थी, क्योंकि ये दोनों राष्ट्र नाटो के प्रमुख स्तंभ हैं और नाटो यूक्रेन को अपना सदस्य बनाने पर आमादा है, जो कि इस झगड़े की असली जड़ है। इस सारे विवाद में सबसे उत्तम मध्यस्थ की भूमिका भारत निभा सकता था लेकिन दोनों पक्षों से वह सिर्फ शांति की अपील करता रहा, जो शुद्ध लीपापोती या खानापूरी के अलावा कुछ नहीं है। मैं पिछले कई हफ्तों से कहता रहा हूं कि भारत कोई पहल जरुर करे लेकिन हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे पास पक्ष या विपक्ष में कोई ऐसा नेता नहीं है।

# चाइल्ड लाइन ने ओपन हाऊस में बच्चों को दी अधिकारों की जानकारी



मुरैना। धरती संस्था द्वारा मुरैना जिले में संचालित चाइल्ड लाइन टीम द्वारा शुक्रवार को बड़ोखर मुक्तिधाम के अंबेडकर पार्क में बच्चों, जन समुदाय के साथ ओपन हाऊस कार्यक्रम का आयोजन कर चाइल्ड लाइन के 25 वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आलोक राजावत, सदस्य जितेंद्र दंडोतिया, विशेष किशोर पुलिस इकाई दल प्रभारी श्रीमती सीता शर्मा, ओपी चतुर्वेदी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मोनी तोमर, शारदा परमार, सावित्री भदौरिया, गीता शर्मा, एएनएम ममता माहौर, आशा कार्यकर्ता ऊषा राठौर, सहित चाइल्ड लाइन टीम सदस्य नितिन शिवहरे, धारा सिंह, अर्चना कुशवाह, राकेश कुमार, अवनीश सिंह, रवि भारती सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आलोक राजावत ने बच्चों को बताया कि बच्चे देश का भविष्य हैं, यदि बच्चे अपने अधिकारों से वंचित रहेंगे, तो हमारा देश एवं राष्ट्र मजबूत नहीं होगा। आलोक राजावत द्वारा बच्चों के माता-पिता से भी संवाद करते हुए कहा गया कि वह बच्चों को घर के सदस्यों के नाम फोन

### चाइल्ड लाइन ने बच्चों के साथ मनाया अपना 25वॉ स्थापना दिवस

नंबर एवं घर का पता याद दिलाया करें, जिससे कभी मुसीबत पड़ने पर बच्चा यह जानकारी बता सके और उसकी तुरंत मदद की जा सके। इसके साथ ही बाल कल्याण समिति के कार्यों से भी सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में विशेष किशोर पुलिस इकाई दल प्रभारी सीता शर्मा ने भी उपस्थित जनसमुदाय को महिला हेल्पलाइन नंबर, पुलिस 100 नंबर आदि की जानकारी के बारे में बताया। चाइल्ड लाइन टीम से नितिन शिवहरे द्वारा बच्चों को चाइल्ड लाइन के कार्यों व उनके द्वारा बच्चो की केसे मदद की जाती है, इस बारे में बताया एवं उनसे कहा कि वह बाल श्रमिक के रूप में लिप्त बच्चों को मुक्त करवाने के लिए एवं मेडिकल सुविधा दिलाने, शिक्षा से वंचित बच्चों, बाल व्यापार की स्थिति में, घर से भागे हुए बच्चे, बाल विवाह की परिस्थिति में कोई भी व्यक्ति चाइल्ड लाइन 1098 पर कॉल करके सूचित कर सकते है। ऐसी स्थिति में चाइल्ड लाइन टीम द्वारा जल्द से जल्द बच्चों तक मदद पहुंचाई जाती है। कार्यक्रम को बाल कल्याण समिति सदस्य जितेंद्र दंडोतिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा भी संबोधित किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर चाइल्डलाइन के 25 वें स्थापना दिवस पर सभी बच्चों को ज्ञानवर्धक किताबें भेंट की गई। अंत में चाइल्डलाइन टीम सदस्य धारा सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं जन समुदाय का आभार व्यक्त किया गया।

## अज्ञात युवक की जली हुई लाश मिली

मुरैना। माता बसैया थाना क्षेत्र के ग्राम बमरौली से पुलिस ने एक 30 वर्षीय युवक की जली हुई लाश बरामद की है। लाश किसकी है, इसका पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग



कायम कर लिया है और जिले के सभी थानों में गुमशुदगी के प्रकरणों की जानकारी मंगाई गई है। थाना प्रभारी मनोज वरदिया ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सूचना मिली की ग्राम बमरौली में ब्रिज के नीचे नदी किनारे एक युवक की जली हुई लाश देखी गई है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो घटना सही पाई गई, लेकिन अभी तक पुलिस को उसकी शिनाख्तगी के लिए कोई क्लू नहीं मिला है। थाना प्रभारी द्वारा आसपास के सभी गांव में जली लाश मिलने की सूचना दी गई है, वहीं जिले के सभी थानों से हाल ही में गुम हुए लोगों की जानकारी मांगी गई है, जिससे युवक का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना आरंभ कर दी है।

## मुक्तिधाम में 27 को होगा नवीन मुंडन कक्ष चबूतरे का उद्घाटन

मुरैना। रोटरी क्लब चम्बल द्वारा बडोखर स्थित मुक्तिधाम पर निर्मित मुंडन कक्ष चबूतरे का उद्घाटन 27 फरवरी रविवार को होगा। यह उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी एवं विशिष्ट अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के प्रान्तपाल संजय मालवीय जोधपुर के करकमलों से होगा।



रोटरी क्लब चम्बल द्वारा पिछले 2 माह से बडोखर स्थित मुक्तिधाम में मुंडन कक्ष का निर्माण करवाया जा रहा है, जो कि अब पूर्ण हो चुका है। मुक्तिधाम में अभी तक जो मुंडन कक्ष है, वह काफी छोटा है इसलिए मुक्तिधाम में बडे मुंडन कक्ष की आवश्यकता थी, जब रोटरी क्लब चम्बल को इस विषय मे जानकारी प्राप्त हुई, तब रोटरी क्लब चम्बल द्वारा मुक्तिधाम कमेटी को अवगत करवाया कि ये मुंडन कक्ष चबूतरे का निर्माण रोटरी क्लब चम्बल द्वारा करवाया जाएगा।

## बीट समाधान केन्द्र के माध्याम से बेटों सहित मुन्नीबाई को कैंसर उपचार के लिये ग्वालियर भेजा

### -एक हजार की सहायता दी, आयुष्मान कार्ड बनाया, कैंसर अस्पताल के चिकित्सकों से निःशुल्क ईलाज करने की बात भी की

मुरैना। आर्थिक रूप से कमजोर मुन्नीबाई को जैसे ही पता चला कि अपने गांव के बीट समाधान केन्द्र पर लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है, उसी समय मुन्नीबाई अपने बीट समाधान केन्द्र सिकरोदा पहुंची। सौभाग्य से बीट समाधान केन्द्र सिकरोदा पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विनोद सिंह मौजूद थे। महिला मुन्नीबाई ने एसडीएम विनोद सिंह से गुहार की, कि मेरे 40 वर्षीय बड़े बेटे सतीश को कैंसर है। छोटे बेटे अनिल के मुंह में भी छाले है। दोंनो बेटे बीमारी से ग्रस्त है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पैसा नहीं होने के कारण बेटो का उपचार भी नहीं करा पा रही हूं।

एसडीएम विनोद सिंह ने मौके पर श्रीमती मुन्नीबाई का आयुष्मान कार्ड बनाकर उसे समझाईश देते हुए कहा कि इस कार्ड से 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार करा सकती हो। श्रीमती मुन्नीबाई ने कहा मुझे ग्वालियर कैंसर हॉस्पीटल जाना है, किराये के पैसे भी नहीं है। इस पर एसडीएम ने रेडक्रॉस सोसायटी से एक हजार रूपये भी दिये। साथ ही कैंसर हॉस्पीटल के चिकित्सक डॉ. श्रीवास्तव और डॉ. राजपूत से बात की कि मुन्नीबाई की दयनीय स्थिति को देखते हुए इनका निःशुल्क उपचार किया जाये, इनका भारत आयुष्मान कार्ड बना दिया है। बुधवार को




एसडीएम विनोद सिंह ने कैंसर हॉस्पीटल ग्वालियर के मुख्य प्रबंधक डॉ. राजपूत को सतीश पुत्र हरीसिंह खटीक का निःशुल्क उपचार के लिये पत्र के साथ श्रीमती मुन्नीबाई को अपने बेटो के साथ ग्वालियर कैंसर हॉस्पीटल भी भिजवाया। सिकरोदा बीट समाधान केन्द्र पर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों के आवास संबंधी आवेदनों का भी निराकरण किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत अलापुर में भी तहसीलदार कल्पना शर्मा, आरआई राकेश कुलश्रेष्ठ, पटवारी गंभीर सिंह तोमर, पंचायत सचिव की उपस्थिति में ग्रामीणों के आवास, बीपीएल, आमरास्ता, सीमांकन आदि के आये प्रकरणों को मौके पर ही निराकरण किया गया। ग्राम प्रधान चौधरी के पंचायत भवन में पटवारी मनोज कुमार पाराशर, पंचायत सचिव शर्मा नये बीट सिस्टम के अन्तर्गत ग्रामीणों के आये बीपीएल के आवेदन, सीमांकन के आवेदन एवं पेंशन को लेकर दिये गये आवेदनों का भी तत्काल मौके पर ही निराकरण किया गया।

## मजदूर-किसान विरोधी बजट को वापस करने की मांग को लेकर किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन



कैलारस। केन्द्र सरकार द्वारा संसद में पेश बजट को जनविरोधी बताते हुए अखिल भारतीय किसान सभा ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार कैलारस को सौंपा। इस दौरान किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष गयाराम सिंह धाकङ ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पूर्ण रूप से जनविरोधी बजट है। पिछले तीन दशकों से उदारीकरण की नीतियों के चलते देश की जनता हालत बहुत ही खराब हुई है। जनता आर्थिक रुप से बहुत परेशान है इसके बावजूद भी जन सरोकार से सम्बन्धित सभी विभागों के बजट में लगातार कटौती की है। वर्तमान बजट भी इन्ही जनविरोधी नीतियों के साथ तेजी से आगे बढायेगा। मनरेगा के बजट में 25 प्रतिशत की कटौती, सरकारी अनाज खरीदी के लिये बजट में कटौती, जनस्वास्थ्य में कमी के भयंकर दुष्परिणाम जनता के ऊपर आयेगें तथा मंहगाई व बेरोजगारी भी बढेगी। इस दौरान माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, एसएफआई के प्रांतीय संयुक्त सचिव राजवीर धाकङ, किसान नेता कन्हैया लाल धाकङ, जीवन लाल त्यागी, भीकम जाटव, यशवन्त यादव, शिवनारायण यादव, एसएफआई के नगर संयोजक बॉबी धाकङ, रामकुमार धाकङ मौजूद रहे।



## ट्यूबवेल से ग्रामीण की मारपीट कर अपहरण का प्रयास, ग्रामीण एवं पुलिस ने किया असफल

मुरैना। सिहोंनिया थाना क्षेत्र के बावड़ी पुरा गांव में रात को ट्यूबेल पर खेत की रखवाली कर रहे एक वृद्ध को मारपीट कर लगभग एक दर्जन बदमाश मारपीट कर घसीट कर खेत में ले गए और काफी मारपीट की। भाई के द्वारा देखे जाने पर उसने ग्रामीण एवं पुलिस को सूचित किया, ग्रामीणों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा सायरन की आवाज सुन बदमाश सचेत हो गए और पुलिस के फायरिंग करने पर भाग निकले। बदमाशों के साथ एक महिला भी शामिल बताई गई है। सिहोंनिया थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधेश्याम साथिया पुत्र मेवाराम 70 वर्ष निवासी बावड़ी पुरा अपने भाई शंभू दयाल के साथ रात को 8 बजे के लगभग ट्यूबवेल पर खेतों की रखवाली के लिए गए। इस दौरान शंभू दयाल खेतों को देखने थोड़ी दूर चला गया, तभी कुछ बदमाश आए, जिनमें एक महिला भी शामिल थी। बताया जाता है कि उक्त बदमाश राधेश्याम को खींचकर



घसीटते हुए खेत में ले गए और बंधक बनाकर मारपीट की बदमाशों की। बदमाशों की संख्या 11 के करीब बताई गई है, उधर थोड़ी दूर पर शंभू दयाल खड़ा था तो उसने बदमाशों को राधेश्याम की मारपीट करते हुए देख लिया। शंभू दयाल ने तत्काल ग्रामीणों को सूचित किया और पुलिस को सूचना दी खबर पाते ही पुलिस एवं ग्रामीण मौके पर दौड़े तथा पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर बदमाश सचेत हो गए। जब पुलिस ने फायरिंग की तो बदमाश खेतों से दौड़ते हुए भाग निकले और इस तरह उनका अपहरण का प्रयास असफल हो गया। सिहोंनिया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मारपीट एवं अपहरण के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

## स्वच्छ भारत मिशन योजना से मंदिर परिसर में बना शुलभ शौचालय

### शुलभ शौचालय बन जाने से महिलाओं को अब शर्मसार स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा

मुरैना। ग्राम पंचायत ल्हर में मुख्य भूमिया बाबा मंदिर और सती मंदिर परिसर में स्वच्छ भारत मिशन योजना से शुलभ शौचालय बन जाने से मंदिर में बड़ी संख्या में आने वाली महिलाओं को अब शर्मसार की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा। जनपद सीईओ अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान ने बताया कि मुरैना में दिमनी मुख्य मार्ग से 6 किलोमीटर पश्चिम की ओर ग्राम पंचायत ल्हर है, जो अपने अनूठी पहल के लिये जानी जाती है। ग्राम पंचायत ल्हर धार्मिक आयोजनों के लिये पूर्व से ही जाना जाता है, ग्राम पंचायत में एक मुख्य मंदिर भूमिया बाबा और सती मंदिर है। दोंनो मंदिर एक ही परिसर में है। लोकल क्षेत्र में मंदिर की बहुत मान्यता है। यहां पर प्रति रविवार एवं सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। माह मास की दसमीं तिथि को विशाल भोज का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें आसपास के सभी ग्रामों के लगभग 10 से 12 हजार लोग यहां पहुंचते है। जिसमें महिलाओं एवं बच्चों का एक बड़ा जनसमूह शामिल होता है। ऐसे में महिला एवं पुरूष प्रशाधन के अभाव में महिलाओं को बड़ी शर्मसार स्थिति का सामना करना पड़ता था एवं मेले के बाद मंदिर के आसपास बहुत गंदगी देखने को मिलती



थी। ग्राम पंचायत के सरपंच ओमप्रकाश सिंह गुर्जर ने बताया कि मंदिर के पुजारी, ग्राम पंचायत ल्हर के रोजगार सहायक और ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिये मंदिर परिसर के पास एक शुलभ शौचालय निर्माण कराने का निर्णय लिया। जिला पंचायत मुरैना और जनपद पंचायत अम्बाह की सीईओ श्रीमती सुमन चक चौहान के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन योजना से शुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया। जिसमें महिलाओं की मर्यादा एवं सम्मान की रक्षा के साथ-साथ पर्यावरण को दूषित होने से भी बचाया है। शुलभ शौचालय का रख-रखाव ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं किया जा रहा है। अब सभी ग्रामवासी सराहनीय कार्य के लिये स्वयं गौरान्वित मेहसूस कर रहें है। स्वच्छता के प्रति जागरूक ग्राम पंचायत ल्हर आज जिला पंचायत में अपना योगदान

# श्रीमद्भागवत कथा में हुआ कृष्ण जन्म,जमकर थिरके श्रोतागण

### नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैयालाल लाल की-पँ.रमाकांत व्यास जी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**





**दबोह**-दबोह नगर के वार्ड नम्बर 15 में विराजमान अखिलभुवनेश्वरी मां संकटा देवी के जन्मोत्सव कर उपलक्ष्य में सभी नगरवासियों के सहयोग से वार्ड नम्बर 04 में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 21 फरवरी 2022 से शुरू हुआ।कथा के पाँचवे दिवस कथावाचक पण्डित रमाकांत व्यास जी महाराज कहते है कि सतयुग में देवताओ व् दैत्यों की लड़ाई हुई दुवापुर में कौरव व् पांडवो के वीच युद्ध हुआ और तेता युग में राम और रावण की लड़ाई हुई हमारे अंदर कर मानव के हृदय में राम और रावण का बास है तभी तो आजकल हर घर में ग्रहक्लेश मचा हुआ है।एक में राम बेठा है और एक में रावण बैठा है मगर जीतता कौन है।जिसका खानपान अच्छा होगा जो सत्य को अपनाएगा धर्म का पालन करेगा बही जीतेगा।ये माँ का हृदय क्षीर सागर है मेरा प्रभू क्षीर सागर में बेठे हुए है बालक जब तक खेलता है।जव तक माँ ध्यान नही देती है लेकिन जब बालक रोता है तो माँ सव कार्य छोड़कर दोड़ी चली आती है बेटी दो कुल की तारनहार होती है बेटो को तो सारी सम्पत्ति दे दोगे आपका बेटा यदि सही धर्म का पालन करता चला तो बह पिता की सम्पत्ति का ध्यान करेगा और यदि बह कपूत निकला तो पूरी सम्पत्ति नष्ठ कर देगा बेटी को बिदा के समय पिता केवल यह फूल दे देता है और कहता है की बेटी तेरा पिता गरीव है मेरे पास देने को और कुछ नही है।यह हर पिता कहता है देबकी के पिता ने देबकी के विवाह में सव कुछ देकर बिदा किया।कंस रथ में बिठाकर अपनी बहिन को ससुराल भेजने जा रहा था तभी आकाश बाड़ी हुई की जिसे तू हँसी खुशी से छोड़ने जा रहा है उसी का पुत्र तुम्हारा बध करेगा तभी कंस ने अपनी बहिन को कारागार में बंदी बनाकर रखा तभी देवकी ने छह पुत्रो को जन्म दिया सातवी बार गर्व से एक कन्या ने जन्म लिया।जिसे कंस के दरबार में ले जाया गया जिसे कंस ने पछाड़ दिया और आकाश में घनघोर आकाशबाड़ी हुई की जिसे तू मारना चाहता है बह तो जन्म ले चूका है। तेरा बध सुनिश्चित है तो कंस अचंभे में पड़ गया उधर देवकी ने सुंदर पुत्र को जन्म दिया जिसे बासुदेव जी डलिया में रखकर नन्दबाबा के यहाँ ले गए रास्ते में जमुना जी ने जमुना जी ने भगवान के चरण स्पर्श करना चाहा तो बासुदेव घवरा गए मगर जमुना देवी ने कृष्ण भगवान के दर्शन कर अपना रूप को छोटा कर लिया और बासुदेव जी गोकुल में कृष्ण को भेज आये।कथा के पांचवे दिवस कृष्ण जन्म पर श्रोतागण जमकर नाचे।वहीं कथा में

रिटायर्ड कमिश्नर महेश चौधरी खिरिया पहुंचे और कथावाचक महाराज श्री रमाकांत व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया।इस श्रीमद्भागवत कथा में पारीक्षत श्रीमती सुनीता-भरत शरण तिवारी को बनाया गया है।वहीं व्यवस्थापक के रूप में हाकिम सिंह चौधरी व्यवस्था सम्भाल रहे हैं।

## शोकाकुल परिवारो के बीच पहुंचे पूर्व विधायक मथुरा महंत व भाजपा नेता



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-दबोह नगर में शुक्रवार को शोकाकुल परिवारों के बीच पूर्व विधायक मथुरा महंत व भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चौधरी पहुंचे।यहां बता दें कि बीते रोज भाजपा नेता सुरेश चंद्र बुधौलिया दबोह का निधन हो गया था।वहीं बीते रोज वार्ड नम्बर 09 निवासी राधेलाल गुप्ता की भाभी जी व अंकित गुप्ता की ताई जी का भी निधन हो गया था।उनके निज निवास पर भी पूर्व विधायक मथुरा महंत व अशोक चौधरी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।इसी क्रम में अशोक चौधरी बीते रोज श्यामू गुप्ता कपड़ा वालो के पिता जी रमेश गुप्ता के निधन हो जाने पर भी उनके निज निवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे।इस दौरान उनके साथ केशव विजपुरिया,शिवराज यादव,हरिश्चंद्र पाण्डेय,राकेश कोठारी,अरुण विजपुरिया,अरविंद गुप्ता,चिराग गुप्ता के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## रानी शहर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित हुई

**पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान**





**पाली** ।भारतीय जनता पार्टी रानी शहर मंडल की बैठक शितला माता सत्संग भवन प्रताप बाजार में जिसमें मारवाड़ जंक्शन विधानसभा प्रभारी श्रवण बंजारा एवं मारवाड़ जंक्शन विधानसभा संयोजक मंगलाराम देवासी के नेतृत्व में आयोजित हुई। इससे पहले दोनों का साफा, माला, एंव दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया ।बैठक में आजीवन सहयोग निधी एवं बुथ समिति के बारे मे मंडल अध्यक्ष जयन्तिलाल वैष्णव से जानकारी ली। एवं प्रभारी व संयोजक ने संगठन को मजबूत करने के लिए बुथ समिति एवं पन्ना प्रमुख जल्दी से जल्दी से बनाने को कहा। जिससे संगठन को मजबूत किया जासके तथा आने वाले चुनावों में पार्टी मजबूत हो। एवं आजीवन सहयोग निधी जल्दी जमा करने को कहा। *इस अवसर पर* नगरपालिका अध्यक्ष भरत राठौड, उपाध्यक्ष डालचंद चौहान, मंडल महामंत्री भरत जीनगर, मंडल महामंत्री प्रवीण पोरवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज जैन मंडल उपाध्यक्ष जयसिंह सिसोदिया, मंडल मंत्री ईश्वर सिंह राजपुरोहित, बुथ अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़, बुथ अध्यक्ष इंतजार अली, बुथ अध्यक्ष विक्रम सोलंकी, बुथ अध्यक्ष पुनाराम राठौड़, बुथ अध्यक्ष गोपीचंद माली, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष खीमराज सुथार, एससी मोर्चा अध्यक्ष सवाराम मेघवाल, पार्षद ललित सोनी, पार्षद पदम सिंह राठौड़, पार्षद जोधा राम कुमावत, राकेश राठौड़, अमृत माली, विजय परिहार, डायाराम चौधरी, महिपाल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## बाल बाल बचे प्रदेश अध्यक्ष, आई गंभीर चोटें

### मो मंडल कार्यकर्ता पहुंचे भोपाल, जाना हाल चाल

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजलि टुडे**

मौ-भिण्ड।भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाहा का भोपाल से इंदौर जाते समय रास्ते में भीषण एक्सीडेंट हो गया



था एक्सीडेंट में कार के परखच्चे उड़ गए लेकिन परमात्मा की कृपा से अध्यक्ष भगत सिंह जी की जान बच गई परंतु उन्हें गंभीर चोटें आई अस्पताल में डॉक्टरों की अच्छी कार्यकुशलता से वह जल्दी ठीक होने की स्थिति में है। एक्सीडेंट की सूचना लगते ही पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता उनके स्वास्थ्य लाभ की भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं और उनके निवास भोपाल में जाकर उनसे मिलने स्वास्थ्य लाभ हेतु जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में मो मंडल के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष हर नारायण कुशवाहा जी लल्लू राम कुशवाह रामवीर कुशवाह नेता युवा जीतू कुशवाह आदि उनसे मिलने गए निज निवास पहुंचकर हालचाल जाना।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक के हाथ पैर धड़ से अलग कर बीती रात निर्मम हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस ने 10 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार***

**पृथ्वीपुर** । पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र के कैरीपुरा गांव में गुरुवार की रात राहुल दांगी नामक युवक के बेरहमी से हाथ पैर काटकर सड़क



पर फेंक दिया था। आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर राहुल का हाथ धड़ से अलग कर दिया था। साथ ही पैर काटने का भी प्रयास किया गया। और लहूलुहान अवस्था में युवक को सड़क किनारे फेंक दिया गया था जिसे गंभीर अवस्था में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पृथ्वीपुर पुलिस तुरंत हरकत में आई और सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई। और पुलिस ने महज 10 घंटे के भीतर ही घटना में शामिल सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की माने तो हत्या होने का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है।

## शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में हुआ नाक के कैंसर का सफल इलाज

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी,** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय, शिवपुरी के अधिष्ठाता (डीन) डॉ.अक्षय कुमार निगम के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है, साथ ही मानवता की सेवा में भी नए शिखर छू रहा है।

अभी हाल ही में अपना घर वृद्धाश्रम सेसई मे रहने वाली 65 वर्षीया कस्तूरी बाई को कैंसर रोग विभाग में दिखाया गया जो पिछले कई महीनों से नाक में दर्द एवं खून आने से परेशान थी। कैंसर रोग विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र कुमार सचान ने नाक के कैंसर का संदेह होने पर जांच करवाई तो जांच में एडिनोइड सिस्टिक कार्सिनोमा (एक तरह का नाक का कैंसर) निकला जिसमे कीमोथेरेपी बहुत कम ही प्रभावी होता हैं।

वृद्धाश्रम के संचालको ने कहीं ओर ले जाने में असमर्थता व्यक्त की। वृद्धाश्रम की अकेली महिला को देखकर डॉ. धीरेन्द्र कुमार सचान ने शिवपुरी में ही महिला का इलाज करने का निर्णय लिया एवं कीमोथेरेपी शुरू की ताकि महिला की सर्जरी सुगमता से हो सकें। ईश्वर की कृपा से कीमोथेरेपी ने अच्छा असर किया एवं कैंसर की गठन का साइज बहुत कम हो गया। उसके बाद सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत राखोंडे से सामंजस्य स्थापित कर मरीज की सर्जरी का निर्णय लिया गया। सर्जरी विभाग की चिकित्सक टीम जिसमें डॉ. राकेश शाक्य, डॉ.कौशलेन्द्र सिंह नरवरिया एवं ई.एन.टी. विभाग की डॉ. मेघा प्रभाकर शामिल रहे। इनके द्वारा विगत दिवस मरीज के कैंसर का



सफल ऑपरेशन किया गया और कैंसर की गठान को निकाल दिया गया।

ज्ञात हो कि डॉ.राकेश शाक्य ने कैंसर सर्जरी में दिल्ली से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। धीरेन्द्र सचान ने चर्चा करते हुए बताया कि इस तरह का नाक का कैंसर बहुत ही दुर्लभ बीमारी है, जो कि पूरे विश्व में बहुत ही कम रिपोर्ट की गई हैं। ऐसे कैंसर का इलाज भी अब शिवपुरी में मिलने लगा है, जिसके कारण अब मरीजों को अन्य जगह जाने की जरूरत नहीं हैं। इस सफल उपचार के बाद डीन डॉ.अक्षय निगम ने चिकित्सकों को बधाई दी एवं सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.राखोंडे ने भी भविष्य में इस तरह की सर्जरी में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया हैं।

## मध्य प्रदेश के मुखिया को कर्मचारी हित में लेना होगा ऐतिहासिक फैसला

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**





**पिछोर,शिवपुरी** मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन द्वारा विज्ञप्ति में बताया कि नीति निर्धारक माननीय सांसद महोदय एवं विधायकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है जो 40 साल सेवा करने के बाद 500 से लेकर?1000 प्राप्त करने वाले कर्मचारी के साथ कैसा व्यवहार जबकि 1 दिन के विधायक बनने पर 82000 पेंशन कर्मचारी के साथ कितना बड़ा अन्याय नई पेंशन विसंगति के रूप में किस तरह से दी जाती है वह भी एक अनुपम उदाहरण इसमें प्रतिमा है 10त्न राशि कर्मचारी के वेतन से कटती है जबकि पहले 10 और अब 14त्न का हिस्सा सरकार देती है लेकिन कर्मचारी का यह हिस्सा यह कटो एन एस डी एल कंपनी के बाजार भाव में उतार-चढ़ाव के आधार पर तय किया जाता है वर्तमान में राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री आदरणीय अशोक गहलोत जी द्वारा लिया गया निर्णय कर्मचारियों के हित अक्षरों में लिखा जाएगा जिन्होंने कर्मचारियों की अति महत्वपूर्ण मांगों को ऐतिहासिक फैसला लेकर पूर्ण किया है अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कर्मचारी जगत आशा करता है कि ऐतिहासिक फैसला कर्मचारियों की बुढ़ापे का सहारा मात्र पुरानी पेंशन को तत्काल लागू करें जिससे आपका नाम भी मध्यप्रदेश में सुंदर अक्षरों में लिखा जाए साथ ही मध्य प्रदेश का कर्मचारी जगत अन्य राज्यों की अपेक्षा डि ए के मामले में अन्य राज्यों से पीछे चल रहा है इसको मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप बराबर करने का निवेदन मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष राकेश दुबे द्वारा किया गया है आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर्मचारी हित में अभूतपूर्व फैसला लेंगे मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश दुबे जी ने कहा है हमने सदैव कर्मचारी हित में अपनी मांग को शासन से लेकर न्यायालय तक रखा है हम संवैधानिक परंपरा में विश्वास रखते हैं हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मध्य प्रदेश सरकार की मुखिया आदरणीय शिवराज सिंह चौहान एक ऐतिहासिक निर्णय अति शीघ्र लेकर कर्मचारी हित में एक मिसाइल के रूप में जाने जाएंगे परंतु यदि कर्मचारियों के साथ और उनके भविष्य को लेकर पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर कुठाराघात हुआ तो संगठनों को भी सरकार के विरोध में सड़कों पर आने को बाध्य होना पड़ेगा

### राकेश दुबे प्रांतीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन

मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता आनंद लिटरिया द्वारा कहा गया है कि जिस तरह से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी द्वारा ऐतिहासिक फैसला कर कर्मचारियों का विश्वास राजस्थान सरकार ने जीता है ठीक उसी प्रकार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय शिवराज सिंह चौहान सन 2004 के बाद की कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू कर पेंशन ना देने वाले राज्यों को एक मिसाल कायम करें योग आईना दिखाएं आनंद लेटोरिया प्रांत के प्रवक्ता मध्य प्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन



## गोहद में सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगा भोनपुरा

### रामकथा एव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**गोहद** ,गोहद तहसील का भोनपुरा गांव जो कि भिंड मुरैना जिले की सरहद पर बसा हुआ है यहां माता चिल्लसनदेवी ,श्रीकृष्ण, शिव परिवार, खाटू श्याम ,वेदव्यास सिलार बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एव रामकथा का आयोजन 28फरवरी को कलस यात्रा के साथ प्रारंभ होगा राम कथा का आयोजन 1 फरवरी से जिसका समापन भण्डारा प्रसादी के साथ 9मार्च को किया जाएगा यहाँ रामकथा का आयोजन प, किशोरचन्द्र जी रामायणी की वाणी से किया जा रहा है जिसमे परिच्छित श्री बदन सिह तोमर ददूदू श्रीमती कमला देवी है गोहद सिचाई बिभाग विश्राम गृह पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बदन सिह तोमर ,सुरेंद्र सिंह तोमर ,रमेश सिह तोमर , ब्रजेश तोमर अनिल तोमर जंडेल तोमर अशोक तोमर रामौतार तोमर गुड्डू तोमर पटेल तोमर ने बताया गोहद तहसील का भोनपुरा गांव ऐतिहासिक गांव है यहाँ कर्ण का जीवन व्यतीत हुआ भोनपुरा गांव में आयोजित रामकथा एव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सभी समाज के लोगों का है इसमें 28फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी जो भव्य एव ऐतिहासिक होगी जिसमें सभी जाति की महिलाएँ पुरूष शामिल होगी आयोजित कार्यक्रम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव4मार्च को सम्पन्न होगा 5मार्च को 2018 के पदयात्रा के सरंक्षक जिन्होंने जनजागरण का कार्य किया एव भागवत का सफल आयोजन किया और मन्दिर निर्माण का संकल्प साकार किया उनका सम्मान किया जाएगा बाबन बीसा चौरासी एव माता चिल्लासन देवी न्यास भोनपुरा ग्वालियर चम्बल सम्भाग ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है

## अम्बाह बिजली विभाग मे आये जूनियर इंजीनियर का किया जोरदार स्वागत...



**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह...** अशोक नगर से अंबाह स्थानांतरण होकर आए छ्श्व श्री आर के प्रजापति जी का हुआ भव्य स्वागत बी पी एच ओ टीम द्वारा अशोकनगर से अंबाह में स्थानांतरण होकर आए छ्श्व श्री आर के प्रजापति जी का भव्य स्वागत फूल माला एवं साल श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष इंजीनियर श्री संतोष प्रजापति जी, जिला कोषाध्यक्ष श्री शैलेंद्र प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष श्री जंडेल प्रजापति जी, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश प्रजापति , सह कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रजापति मीडिया प्रभारी मदन प्रजापति ,सह मीडिया प्रभारी श्री अशोक प्रजापति संगठन के मंत्री श्री अनिल प्रजापति जी रिंकू प्रजापति रमेश प्रजापति बलराम प्रजापति आदि युवा उपस्थित रहे।

## मप्र कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ में दशरथ गुर्जर बने कार्यकारी अध्यक्ष

**भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी की भावनानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर और महामंत्री एवं प्रकोष्ठो के प्रभारी जे.पी. धनोपिया द्वारा अनुराग भार्गव को मप्र कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं रमेश नायक को मप्र कांग्रेस खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ और आशीष शर्मा को मप्र कांग्रेस आजीविका प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मप्र कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ में दशरथ गुर्जर को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष तथा मप्र कांग्रेस समाज समन्वय प्रकोष्ठ के अंतर्गत इंदौर के समाजसेवी पूनम वर्मा को समाज में समन्वयक बनाने हेतु कोली/कोरी समाज का प्रदेश संयोजक बनाया है।

## 26 एवं 27 फरवरी को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 26 फरवरी (शनिवार) एवं 27 फरवरी (रविवार) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त छुट्टी के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में कैश काउंटरों पर बिल भुगतान और भोपाल शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित ए.टी.पी. मशीन में भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

## 5 नगरीय निकायों में प्रशासक नियुक्त

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा 5 नगरीय निकायों का कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण वहाँ पर प्रशासक की नियुक्ति की गई है। प्रशासक आम निर्वाचन संपन्न होने और नवीन परिषद् द्वारा कार्यभार ग्रहण करने तक समस्त शक्तियों एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे। हरदा जिले की नगर पालिका परिषद् हरदा का प्रशासक कलेक्टर हरदा को नियुक्त किया गया है।

# इफको नैनो यूरिया उपयोग संगोष्ठी सम्पन्न

### इफको नैनो यूरिया किसानों के लिए वरदान- उप संचालक कृषि

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) द्वारा कोलारस के ग्राम अटरूनी में 25 फरवरी को इफको नैनो यूरिया उपयोग संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उप संचालक कृषि श्री यू.एस.तोमर, विशेष अतिथि के रूप मे इफको भोपाल के संयुक्त महाप्रबंधक श्री बहादुर राम, सहायक संचालक उधानिकी श्री एस.एस.कुशवाह, मुख्य प्रबन्धक इफको(कृषि सेवाएं) डॉ.डी.के.सोलंकी एवं मुख्य प्रबन्धक इफको ग्वालियर श्री आर.के.एस.राठौर उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय अधिकारी इफको शिवपुरी श्री रुपेन्द्र कुमार महोलिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इफको किसानों की विश्व की नम्बर एक सहकारी संस्था है जो पिछले 55 वर्षों से किसानों की सेवा में तत्पर है। संयुक्त महाप्रबंधक इफको भोपाल श्री बहादुर राम ने किसानों को नैनो यूरिया के उपयोग एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया कि इफको नैनो यूरिया, सामान्य यूरिया का विकल्प है एवं सामान्य यूरिया से 10 प्रतिशत सस्ता भी है। इफको नैनो यूरिया की एक बोतल की कीमत मात्र 240 रुपये है, साथ ही बताया कि एक 500 मि.ली. की एक बोतल एक एकड. के लिए पर्याप्त है। नैनो यूरिया का उपयोग करने से परिवहन लागत में भी कमी आयेगी तथा कालाबाजारी से भी किसान बच सकेगा।




उप संचालक कृषि श्री यू.एस.तोमर ने नैनो यूरिया का लाभ बताते हुए किसानों को इफको नैनो यूरिया का उपयोग अधिक से अधिक करने की सलाह दी। इससे किसान कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त कर सकता है। साथ ही बताया कि अधिक से अधिक जैविक उत्पादों का उपयोग कर खेती करें जिससे किसान मृदा की उर्वरा शक्ति को बनाए रखते हुए अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य प्रबंधक इफको (कृषि सेवाएं) डॉ.डी.के.सोलंकी ने किसानो को जल विलेय उर्वरको के बारे में विस्तार से बताया कि यह सामान्य उर्वरको से अधिक दक्षता वाले उर्वरक हैं एवं इनका उपयोग पर्णीय छिड़काव कर तथा ड्रीप के माध्यम से कर सकते है। सागारिका एक समुद्री शेवालो से बनाया गया उत्पाद है जिसमें सभी प्रकार के तत्व उपलब्ध होने के साथ-साथ सभी प्रकार के लवण, विटामिन, एमिनो एसिड एवं हार्मोन्स उपलब्ध है। यह पोधे की बढ़वार व उत्पादन को बढ़ाने में सहायक है।

कार्यक्रम में उपस्तिथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह ने किस्मो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अच्छी किस्मो का उपयोग करना चाहिए। क्षेत्रीय अधिकारी इफको शिवपुरी ने संगोष्ठी के प्रारम्भ में सभी किसानों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए इफको के सम्बन्ध मे विस्तार से जानकारी देते हुए किसानो को बताया कि इफको के खाद को खरीदने पर किसानों का बीमा हो जाता है, जिसे संकट हरण बीमा योजना के नाम से जाना जाता है। इसमे एक बोर पर 4000 रुपये का बीमा होता जिसकी अधिकतम सीमा 25 बोरे या 1 लाख रुपये है। जिस किसान के नाम से इफको का खाद खरीदा जाता है उसका बीमा एक साल के लिए हो जाता है। इसमे किसान की मृत्यु पर प्रति बोरा 4000 रुपये एवं 50 प्रतिशत नुकसान पर 2 हजार रुपये प्रति बोरा एवं 25 प्रतिशत के नुकसान पर 1 हजार रुपये प्रति बोरा बीमा नामित व्यक्ति को दिया जाता है। ग्राम अटरुनी के सरपंच श्री पूरन सिंह रघुवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आठ देशों के राजदूतों ने किया ओरछा और खजुराहो का भ्रमण

**भोपाल।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में 48वें खजुराहो नृत्य समारोह में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के विशेष आमंत्रण पर कोरिया, अर्जेंटिना, वियतनाम, ब्रूनेई, फिनलेंड, मलेशिया, थाईलेंड और लाओस के राजदूत और उच्चायुक्त सह-परिवार शामिल हुए। प्रदेश के पर्यटन तथा संस्कृति का लुफ्त उठाते हुए सभी ने खजुराहो और ओरछा के मंदिरों तथा अन्य प्रमुख गंतव्यों के इतिहास को जाना। साथ ही पन्ना टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी और खजुराहो नृत्य समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद लिया। भव्य नृत्य समारोह, खजुराहो और ओरछा के आकर्षक मंदिर एवं विविध पर्यटन गतिविधियों ने राजदूतों और उच्चायुक्तों का मन मोह लिया।




मलेशिया के उच्चायुक्त हामिद अब्दुल हिदायत की पत्नी ने खजुराहो में बाय साइकिल टूर के दौरान कहा कि खजुराहो स्वच्छ और हरियाली युक्त है। यहाँ की सुहानी सुबह का अपना ही आनंद है। उन्हें यहाँ बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस अद्भुत यात्रा में शामिल होने का मौका मिला। वियतनाम के राजदूत फाम सान चाऊ, लाओ राजदूत बौनेमे चौआंगहोम, फिनलेंड राजदूत ऋत्वा कौक्कू-रोंडे और मलेशिया के उच्चायुक्त हामिद अब्दुल हिदायत ने सपत्नीक खजुराहो नृत्य समारोह और ओरछा में सांस्कृतिक एवं पर्यटन गतिविधियों का लुफ्त उठाया। टूरिज्म बोर्ड ने राजदूतों तथा उच्चायुक्तों को खजुराहो के मंदिरों के भ्रमण तथा उनके इतिहास की जानकारी के साथ कुटनी द्वीप का भ्रमण, पन्ना के जंगलों में सफारी कराई। साथ ही ओरछा के राम राजा मंदिर, जहाँगीर पैलेस, चतुर्भुज मंदिर और लक्ष्मी नारायण मंदिर के भ्रमण के साथ लाडपुरा खास ग्राम में विकसित होम-स्टे में ग्रामीण पर्यटन तथा स्थानीय संस्कृति से परिचय कर प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति का भी अनुभव कराया।

प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन शिव शेखर शुक्ला तथा राजदूतों के बीच हुई चर्चा के दौरान सभी अतिथियों ने खजुराहो और ओरछा यात्रा कार्यक्रम को अत्यंत ही प्रभावी तथा लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पर्यटकों को प्रदेश की स्थानीय संस्कृति, इतिहास को जानने का मौका मिलता है।

## धन की अपेक्षा धर्म श्रेष्ठ है द्वपं, वासुदेव नंदिनी भार्गव

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**खनियांधाना (सीतापाठा)**,अमर शहीद श्री चंद्रशेखर आजाद की कर्मभूमि मैं वर्तमान समय मैं धर्म एवं ज्ञान की गंगा वह रही है।आठ दिवसीय मेले मैं श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ के साथ,कवि सम्मेलन एवं महाशिवरात्रि पर्व भी धूमधाम से मनाया जाएगा। आज तृतीय दिवस की कथा में वालयोगी पंडित श्री वासुदेव नंदिनी भार्गव ने शिव प्रसंग की कथा, शुकदेव आगमन, ध्रुव चरित्र कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि धर्म इस लोक एवं परलोक दौनौ को उजागर करता है, धर्म मृत्यु के वाद भी साथ साथ जाता है, धर्म राज युधिष्ठिर सदेह स्वर्ग गये थे। सती प्रसंग की कथा मैं कहा कि यज्ञ में न जाने की बात देवताओं ने जब सती से कहा, तो सती जी जाने का आग्रह करती हैं, यदि आध्यात्मिक भाव से दर्शन करे तो शंकर शिखर के ऊपर रहते हैं, और देवता शिखर पर विमान में बैठकर उड़ते हुए जा रहे है ,और ऐसी बात बही और वहीं करता है,जो हवा में उड़ रहा हो, शंकर जी और देवताओं में यही तो असमानता है शंकर शिखर पर स्थित हैं और देवता उड़ रहे हैं, शिखर पर तो आए दिन हर कोई चड़ता है, लेकिन बहां हमेशा के लिए शायद ही कोई टिकता हो ? फिर ध्रुव चरित की कथा का श्रवण कराते हुए कहा की हम बार बार गुरु के कहने से भी भजन नहीं कर पाते हैं ,और ध्रुव ने विमाता के कहने से भगवान को पा लिया । उपदेश देने वाला महत्व नहीं रखता लेकिन हम उपदेश को किस रूप ले रहे हैं ये महत्व रखता है।



# फरवरी में पहली बार बिजली की मांग 17 फीसदी बढ़ी

### मालवा-निमाड़ में एक दिन में 10 करोड़ 10 लाख यूनिट की आपूर्ति

**भोपाल।** मालवा और निमाड़ में फरवरी माह में पहली बार बिजली की भारी मांग की स्थिति है। फरवरी के 23 दिनों में दैनिक 10 करोड़ यूनिट से ज्यादा की आपूर्ति हो रही है। फरवरी में अब तक 230 करोड़ 80 लाख यूनिट की आपूर्ति हो चुकी है। फरवरी के 23 दिनों में लगभग 10 दिन, मांग 6000 मेगावाट से ज्यादा दर्ज हुई।



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि घरेलू, कृषि, गैर घरेलू, औद्योगिक सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं की ओर से ज्यादा बिजली मांग की गई है। इसी के मद्देनजर कंपनी क्षेत्र में बिजली मांग ज्यादा है। तोमर ने बताया कि 23 फरवरी को बिजली की कुल 10 करोड़ 10 लाख यूनिट की आपूर्ति की गई है। सबसे ज्यादा आपूर्ति इंदौर जिले में एक करोड़ 49 लाख यूनिट की हुई। धार जिले में एक करोड़ 40 लाख यूनिट, उज्जैन जिले में एक करोड़ 16 लाख यूनिट की आपूर्ति हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इंदौर राजस्व संभाग में कुल 5 करोड़ 62 लाख यूनिट और उज्जैन राजस्व संभाग में कुल 4 करोड़ 48 लाख यूनिट बिजली आपूर्ति हुई है। तोमर ने बताया कि इस वर्ष फरवरी के 23 दिनों में कुल 230 करोड़ 80 लाख यूनिट की आपूर्ति हुई है, वहीं गत वर्ष फरवरी के 23 दिनों में कुल 197 करोड़ 10 लाख यूनिट की आपूर्ति हुई थी। इस तरह 17 फीसदी बिजली आपूर्ति ज्यादा हुई है।

# युवाओं को रोजगार दिलाने का और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से जोड़ने का लक्ष्य है : ओपीएस भदौरिया







## युवक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े भाजपा सरकार देगी नौकरी : डॉ राजकुमार सिंह कुशवाहा

**पंकज त्रिपाठी**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं को रोजगार एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ नेतृत्व प्रदान किया है । शिक्षा एवं योग युवाओं को रोजगार प्राइवेट नौकरियों एवं उद्योगों के लिए लोन माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की पहल शुरू की है । प्राइवेट कंपनियां स्पष्ट निर्देश हैं की युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें नौकरी दी जाए और इसके लिए हमारी भाजपा सरकार है प्रयास कर रही हैं । यह उद्गार उन्होंने भिंड शहर के आईटीआई परिसर में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेला में मुख्य अतिथि की आसींद से बोलते हुए संबोधित करते हुए व्यक्त किए द्य वहीं 385 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया ।

नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वी युवाओं को रोजगार के लिए अनेकों योजनाएं चलाकर उन्हें आगे बढ़ने का नेतृत्व प्रदान किया है आज जिला स्तरीय रोजगार मेला में जो युवक आए हैं उन्हें प्राइवेट कंपनियों द्वारा चिन्हित कर मौके पर ही नियुक्ति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे द्य

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मालनपुर के उद्योगों में भिंड के युवाओं को अधिक से अधिक नौकरियां मिले उसके लिए उद्योग मैनेजर एवं संचालकगण इस दिशा में लगातार प्रयास करें । भिंड के युवक अनुशासित और योग्यता के आधार पर काम करने का अनुभव प्राप्त करते हैं द्य

नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री भदौरिया ने प्राइवेट कंपनियों द्वारा चयनित युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया द्य

जिला स्तरीय रोजगार मेला में मालनपुर सूर्य कंपनी नोवा मार्वल विनायक एवं गुजरात की शिव शक्ति बायोटेक इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां के संचालक शामिल हुए और युवा युवती को का भी चयन किया गया । कार्यक्रम में कोविड-19 का पूर्ण रुप से पालन किया द्य

मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार सिंह कुशवाह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की कल्पना करने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान युवाओं को रोजगार के माध्यम से जोड़ें तथा प्राइवेट कंपनियों में नौकरियां देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से जोड़ने का काम किया है । युवक जागृत होकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े और सरकार आप को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के लिए हर संभव मदद करें द्य

इस अवसर पर जिला कलेक्टर एस कुमार जिला पंचायत सीईओ केके जैन जिला रोजगार एवं उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ सुशील गुप्ता अजीत सिंह कुशवाह विशेष रूप से मौजूद थे द्यमुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुक्रवार को राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की हितग्राही भिण्ड जिले के ग्राम जगन्नाथपुरा की श्रीमती उमा बघेल से बातचीत की गई। आईटीआई भिंड में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, राज्य बीज विकास निगम उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार कुशवाह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एलडीएम प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा नागरिक एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

रोजगार मेले में मालनपुर क्षेत्र की सूर्या रोशनी, नोवा, मार्वल विनायल्स, विक्रम वुलन्स, सन फार्मास्यूटिकल्स, व्हीआरएस फूड्स, एकेजोनवी/इंडिया के अलावा गुजरात की षिवषक्ति बायोटेक, फुरुकावा मिंडा इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बैरोजगार युवक/युवतियों का चयन की गई ।

# ग्वालियर शहर की एक सैकड़ा बस्तियों से आये स्वयं सेवकों ने प्रशिक्षण के दौरान ली ग्वालियर को डेंगू : मलेरिया मुक्त बनाने की शपथ

### सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने ग्वालियर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने हेतु आमजन व युवा स्वयं सेवकों से की सहयोग की अपील

### स्वयं सेवकों ने जाना डेंगू व मच्छर से बचाव के तरीके



ग्वालियर। जिला स्वास्थ्य समिति व एम्बेड परियोजना फेमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में शहर में डेंगू नियंत्रण हेतु लगातार चौतरफा प्रयास किये जा रहे हैं जिसके तहत आज बाल भवन में शहर में डेंगु मलेरिया नियंत्रण की दिशा में एक सैकड़ा बस्तियों से आये स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण व शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संयुक्त संचालक स्वाथ्य डा. पी. के. शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी डा. नीलम सक्सेना जिला समन्वयक एम्बेड परियोजना विजय मिश्रा द्वारा उपस्थित सभी सहभागियों को डेंगू मलेरिया व मच्छर के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी 7 कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधी आई ए जैदी द्वारा विद्यालय स्तर मलेरिया डेंगू को रोकने हेतु एम्बेड कार्यकम के माध्यम से प्रयास करने हेतु आश्वासन दिया।

मुख्य अतिथी द्वारा शहर को स्वच्छ ब स्वस्थ्य बनाने की दिशा में एम्बेड परियोजना व मलेरिया विभाग द्वारा चलाई जा रही मुहीम की सराहंना करते हुए इसे लगातार जारी रखने की बात कही और इस दिशा में लोगों की सहभागिता व व्यवहार परिवर्तन बहुत आवश्यक हैं जो एम्बेड परियोजना व मलेरिया विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

सांसद जी द्वारा सेल्फी पॉइंट के माध्यम से शहर को डेंगू मलेरिया मुक्त बनाने का सन्देश दिया गया।

कार्यक्रम में प्रदर्शन के माध्यम से विजय मिश्रा द्वारा कचरे और बीमारी मलेरिया डेंगू के संबध को बताया और कचरे के उचित निष्पादन से डेंगू मलेरिया नियंत्रण के तरीको को समझाया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, कमिश्नर नगर निगम श्री किशोर कन्याल, संयुक्त संचालक स्वाथ्य डा. पी. के. शर्मा व पी. आर. ओ. श्री मधु शोलापुरकर एवं स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम ग्वालियर डा. वैभव श्रीवास्तव द्वारा सेल्फी पॉइंट के माध्यम से ग्वालियर को डेंगू-मलेरिया मुक्त बनाने का सदेश शहर वासियों को दिया व प्रशिक्षण ले रहे स्वयं सेवकों से इस अभियान में सहभागी बनाने के लिए धन्यवाद् दिया

कार्यक्रम के अंत में कमिश्नर नगर निगम ग्वालियर श्री किशोर कन्याल द्वारा सभी को स्वच्छ व डेंगू मलेरिया मुक्त ग्वालियर बनाने की शपथ दिलाई गयी।

कार्यक्रम में नगर निगम, मलेरिया विभाग, एम्बेड फेमिली हेल्थ इंडिया के मैदानी कर्मचारियों के साथ 200 सहभगियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

शहर में चलाये जा रहे इस अभियान में विभागीय टीम के साथ एम्बेड टीम के सदस्य, स्वाति, सुमित, सतेन्द्र, सुमित शर्मा, सुमन आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# जनता से मेरा रिश्ता क्षेत्र के विकास का है : गोयल



ग्वालियर। गोला मंदिर क्षेत्र में रणधीर कॉलोनी, गोवर्धन कॉलोनी एवं सैनिक कॉलोनी में मकानों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने के लिए केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी द्वारा सांसद निधि से 25 लाख रु प्रदान करने की घोषणा के बाद क्षेत्रवासियों ने धन्यवाद सभा का आयोजन किया।

इस मौके पर म.प्र बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल जी ने कहा कि श्रीमंत सिंधिया ग्वालियर जिले के चैमुखी विकास एवं क्षेत्र की जनता की चिंता करते हैं उनके ही प्रयासों से इस क्षेत्र की हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने की मांग पूरी होने जा रही है । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हरिओम झा जी, मण्डल अध्यक्ष उमेश भदोरिया जी, पूर्व पार्षद बलबीर तोमर जी, मनीष भिलवार जी, एच.डी ओझा जी, नीलू भदोरिया जी, बबलू तोमर जी, मानसिंह तोमर जी, श्याम सिंह भदोरिया जी, हरनाम सिंह राठौर जी, बंटी गुर्जर जी, महेश गौरव जी, भरत तिवारी जी, जितेंद्र कुशवाह जी, गिर्राज शर्मा जी, प्रत्यूष राजावत जी, राजू पथरोल जी सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य जन उपस्थित थे ।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर दो जन शिक्षक निलंबित

### 147 शिक्षकों को नोटिस

ग्वालियर। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश पर शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता परखने के लिये 17 से 19 फरवरी तक सघन मॉनीटरिंग अभियान चलाया गया। अभियान में संयुक्त संचालक स्तर से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक, सहायक संचालक, जिला परियोजना समन्वयक, एपीसी, बीआरसी एवं बीएसी द्वारा मॉनीटरिंग की गई। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान शालाओं में मुख्य रूप से शिक्षकों द्वारा बच्चों की कॉपी जांचने, त्रुटि सुधारने, मार्गदर्शन देने पर विशेष ध्यान दिया गया। जिन विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा कॉपी जांचने में रूचि नहीं दिखाई गई अथवा त्रुटि की एवं विद्यालयों से अनुपस्थित रहे। ऐसे 147 शिक्षकों को नोटिस जारी किए गए। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने पर जन शिक्षक श्री नाहर सिंह शासकीय हाईस्कूल झांकरी गोहद एवं श्री शिरोमणि सिंह यादव शासकीय हाईस्कूल एचाया गोहद जिला भिण्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 27 से

ग्वालियर। पोलियो के विरुद्ध प्रतिरोधक शक्ति बढाये रखने की दृष्टि से भारत शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का एकमात्र चरण 27 फरवरी से 01 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।अभियान मे जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाना है। अभियान के प्रथम दिवस पल्स पोलियो बूथ पर ही बैठकर दल द्वारा दवा पिलाई जाएगी, एवं दूसरे एवं तीसरे दिवस घर-घर जाकर दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए एल्डर लाइन नम्बर 14567

ग्वालियर। यदि वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह एल्डरलाइन नंबर 14567 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय और निशक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं एवं मार्गदर्शन हेतु सहायता के लिए हेल्पेज इंडिया द्वारा हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित एक योजना है, जो मप्र के सभी जिलों में संचालित है। यह हेल्पलाइन सप्ताह के सातों दिन सुबह 08 बजे से रात 08 बजे तक कार्य करती है। एल्डर लाइन के अंतर्गत सेवाओं के एक भाव के रूप में मुफ्त कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है तथा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और रखरखाव के अधिनियम 2007 के बारे में और पेंशन योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदाय की जाती है। यदि किसी वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह इस हेल्पलाइन नंबर पर रिपोर्ट कर सकतें है।

# युवा रोजगार मांगने वाले नहीं देने वाले बनें : सांसद श्री शेजवलकर





### रोजगार दिवस पर ग्वालियर जिले में 932 हितग्राहियों को मिला 6 करोड़ 40 लाख 62 हजार रूपए का ऋण

ग्वालियर। प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस का आयोजन आज प्रत्येक जिले में किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शहडोल जिले में आयोजित समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत 5 लाख 2 हजार 685 हितग्राहियों के खाते में 27 करोड़ 76 लाख 36 हजार रूपए से अधिक की राशि उनके खाते में स्थानांतरित की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के हितग्राहियों को संबोधित भी किया। इसके साथ ही चयनित हितग्राहियों से चर्चा भी की। ग्वालियर जिले में जिला स्तरीय समारोह बाल भवन में आयोजित हुआ। रोजगार दिवस के जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र श्री राजेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और विभिन्न योजनाओं में लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राही शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने हितग्राहियों से कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण मुहैया कराया जा रहा है। युवा इस ऋण के माध्यम से अपना स्वरोजगार स्थापित करें और अपने जीवन स्तर को और बेहतर बनाएं। उन्होंने युवाओं से कहा कि हमें काम मांगने की आवश्यकता नहीं है। सरकार आपको पूँजी उपलब्ध करा रही है, आप अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। अपने रोजगार के माध्यम से अन्य लोगों को भी रोजगार देने का सामर्थ्य अपने आप में पैदा करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से ग्वालियर जिले में 932 हितग्राहियों को 6 करोड़ 40 लाख 62 हजार रूपए का ऋण वितरित किया गया है।

# खराई सब रेंज मैं जंगल की धुआंधार अवैध कटाई वन विभाग की मिलीभगत से

### ब्लड प्रोफाइल के अनुसार खिलाड़ियों को न्यूट्रीशन करें प्रदान : मंत्री श्रीमती सिंधिया



ग्वालियर। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि अकादमी के खिलाड़ियों के ब्लड प्रोफाइल के अनुसार उन्हें न्यूट्रीशन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी पिछले वर्ष से अब तक कोविड संक्रमित हुए है, उनका फुल ब्लड प्रोफाईल टेस्ट करवाएँ। श्रीमती सिंधिया ने यह बात टी.टी.नगर स्टेडियम में कुश्ती, बॉक्सिंग और शॉटगन अकादमी गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कही।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों के फॉरेन एक्सपोजर के लिए एक सप्ताह के अंदर क्यूबा के प्रशिक्षक को लाए जाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड से ठीक हुए खिलाड़ियों के लिए डाईट, प्रोटीन आदि दिए जाएँ। ऐसे खिलाड़ियों में हीमोग्लोबिन बड़ाने के लिए स्पेशल फूड, मेडिकल कंसल्टेशन एवं मेडिसन की व्यवस्था सुचारू रूप से करें।

**कुश्ती**

मंत्री श्रीमती सिंधिया ने एशियन गेम्स की तैयारी के लिए कुश्ती अकादमी के संभावित खिलाड़ियों को दो-दो माह के लिए विदेशी प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यूट्रीशनिस्ट सुश्री आराधना शर्मा और स्पोर्टस साइंस के डॉक्टर श्री जीन्स थॉमस मैथ्यू को खिलाड़ियों के वेट केटेगरी और खेल के हिसाब से डाइट और सप्लीमेंटस दिए जाने और सप्ताह में प्रत्येक दिन किसी एक खेल प्रशिक्षक से बात कर खिलाड़ियों की समस्याओं की जानकारी लेने के निर्देश दिए।

**शूटिंग**

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में ÷पे-एण्ड-प्ले÷ योजना में बाहर के खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षक से प्रशिक्षण दिलाने के संबंध में गाइड लाइन तैयार करें। उन्होंने शूटिंग रेंज परिसर में स्थान निश्चित कर कैलेण्डर लगाने, प्रशिक्षक एवं शूटर्स के प्रदेश के बाहर प्रशिक्षण कैम्प अथवा प्रतियोगिता में जाने के संबंध में चेकलिस्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।




# जमीनी स्तर पर सार्थक परिणाम दे रहे हैं सुशासन शिविर

### डबरा में लगा जिला स्तरीय सुशासन शिविर, 619 आवेदनों में से 346 का हुआ मौके पर ही निराकरण

### किसी को आयुष्मान कार्ड, किसी को पेंशन तो किसी को मिला राशन



ग्वालियर। जिले में राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत आयोजित हो रहे सुशासन शिविर जमीनी स्तर पर सार्थक परिणाम प्रदान कर रहे हैं। शुक्रवार को डबरा के कम्युनिटी हॉल में आयोजित हुए जिला स्तरीय सुशासन शिविर में इसके सजीव दर्शन हुए। शिविर में कुल 619 आवेदन दर्ज हुए, जिसमें से 346 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर संबंधित लोगों को लाभान्वित कराया गया। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शेष आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय कर एक दिन से लेकर एक हफ्ते की समय सीमा निर्धारित की है। शेष आवेदनों के निराकरण का ब्यौरा संबंधित आवेदकों को फोलोअप शिविर लगाकर दिया जाएगा।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा ने शिविर में पहुँचे सभी आम नागरिकों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही समस्याओं के निराकरण में बाधा बन रहीं तकनीकी कठिनाइयों की पहचान कर उन्हें दूर भी कराया। फलतः जरूरतमंदों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो गया। डबरा एसडीएम श्री प्रदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने दिन भर शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण किया। शिविर स्थल पर विभागवार अलग-अलग काउण्टर बनाए गए थे। साथ ही लोगों की समस्याओं को दर्ज करने के लिये भी अलग से काउण्टर संचालित रहा।

### आयुष्मान कार्ड से लेकर पात्रता पर्ची तक बनी शिविर में

सुशासन शिविर में मौके पर ही एक दर्जन से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र, 56 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, लगभग 50 हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची, लगभग डेड़ दर्जन लोगों के भू-अभिलेखों में त्रुटि सुधार व आधा दर्जन नई भू- अधिकार ऋण पुस्तिकाएँ बनाई गईं। साथ ही स्वरोजगार मूलक योजनाओं के तहत 4 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए 50-50 हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता और 2 स्व सहायता समूहों को कुल 16 लाख रुपये की मदद आर्थिक गतिविधियों को ऊँचाइयाँ प्रदान करने के लिए सौंपी गई। इसके अलावा एक दर्जन अति जरूरतमंदों के नाम पात्रता पर्ची की सूची में शामिल कर मौके पर ही राशन दिया गया तो कई उपभोक्ताओं के बिजली विल में सुधार कराकर विल की राशि कम कराई गई। पात्र परिवारों के नाम बीपीएल सूची में शामिल करने का काम भी हुआ। एक मंदिर के पुजारी की नियुक्ति की गई।

# महाराज बाड़ा , ओल्ड हाई कोर्ट इंदरगंज,माधव डिसपेंसरी अन्य जगहो पर आमजनों को नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर बताया कैसे करें कचरे को अलग-अलग



ग्वालियर। स्वच्छता अभियान के तहत आमजनों को विभिन्न प्रकार के कचरों को अलग अलग करने की जानकारी देने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम के माध्यम से गली-गली घर घर एवं स्कूलों में जाकर नुक्कड नाटक के माध्यम से बच्चों, बडों व वृद्धों को स्वच्छता की जानकारी दी जा रही है तथा कचरे के विभिन्न प्रकार के बारे में बताया जा रहा है। नुक्कड़ टीम के सदस्यों द्वारा वार्ड 16 में स्थित के. डी विद्या हाई सेकेंडरी स्कूल एवं वोइला पब्लिक स्कूल, वार्ड 17 में नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा ड्रॉइंग कंपटीशन करवाया। जिसमें बच्चो ने स्वच्छता संबंधी ड्रॉइंग बनाई। टीम ने बच्चों को स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण बातें बताई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478